चिंघाड। थरथर कंपे थारी कामनी, ख्यालन रही हैं दहाड। विन०। वि० ॥२॥ नाचे भूत पिशाचगण, रुंडमुंड विकराल। सनन सनन सारा वन करे, कांटे चुभेंजी कराल। विन०। वि० ॥३॥ कित बैठूं लेटूं कित प्रभू, पास खवासन कोय। अन्न करूं ना पानी मैं पिऊं, बालककूं दुःख होय। विन०। वि० ॥४॥ तुम सब जानों प्रभू मेरे हालकूं, अष्ट भव हि अवतार। तुम सूरजमें पटवी जनो, क्या समझाऊं भरतार। विन०। वि० ॥५॥ समरथ हो प्रभु क्यों कसी, प्रगट कियो क्यों ना दोप। धोखा दे क्यों धपा दियो, आवे नहीं सन्तोप। विन० विनवें० ॥६॥

फागुण अब पुन्य प्रकृति उदयमें आवे है—फागन आईजी अठांइयां अपने करमकूं दे दोप। ध्यान धरयो भगवानको, बैठि रही मनमोस। विन० वि० ॥१॥ अरज करे प्रभूकी हजूरमें, ममता भाव निवार। तुम ही पिता हो प्रभू तुम मात हो। तुम हो भ्रात हमार। विन० वि० ॥२॥ निर्धनके प्रभु तुम धनो, निर्जनके हो परिवार। इन वर राम निराइयो, दीजियो दोप उतार। विन० वि० ॥३॥ तुम हो राजा प्रभुजी धरमके, हमकुं लगायो परजा दोप। शीलमें मेरे सब शर्म करे, राम हमारे हो गए रोस। विन० वि० ॥४॥ त्यागि दिए हैं प्रभु हम रामजी, त्यागि दियों है सब संसार। गर्भवती हूँ कर्म संजोगसे, वरसे हुई हूं लाचार। विन० विनव० ॥५॥

जिस दिन प्रभु पलापाक हो, मिलें मोहि भरतार। भरम मिटाके धारूं धरमको, त्यागूं सब संसार। विन० विनव० ॥६॥ राम मनावें तौभी ना मनूं, करि आऊं वनकूं विहार। करपे श्री रघुवीरके, चोटो धरूं मैं। विन० विनवें० ॥७॥

आवे गो सतीजी बैठी भावना, ध्यावे पद नवकार। पाप घट्यो प्रगट्यो पुन्य फलसुनि लई तुरत पुकार। बिन० विनवै० ॥८॥ पुण्डरीक पुरनगरको, वज्रजङ्घ भूपाल। आगए पुण्य संयोगसे गज पकड़न वाही काल॥ विन० विनवै०॥९॥ ढूंढत गजपति वन विषै, भनक पड़ी वाके कान। कोई सतवन्ती रोवै वन विषै, किनए सताईजी अज्ञान॥ विन०. विनवै० ॥१०॥

दोष लगायो कैसे पूछिए, गज तजि उतरयौ वीर। विनय सहित भूप पूछन चल्यौ, आवै जैसे भैनाके घरबार॥ विन० विनवै० ॥११॥ तुम हो बहन मेरी धर्मकी, बिपत कहो समझाय। माता पिता परिवारसे, द्यूंगो बहन मिलाय॥ विन० विनवै० ॥१२॥ जनक पिताकी हूँ मैं लाडली, भ्रात भामण्डल वीर। स्वसुर हमरे जशरथ नृप बली, भर्ता सिरी रघुवीर। विन० विनवै० ॥१३॥ रावण हरि ले गयौ, दोष धरै संसार। शीलमें मेरे सब संशै करैं, दीना राम निकारि। विन० विनवै० ॥१४॥ सुनत कथाजी छाती थरहरी, टपकैं आंसू वन धार। हाहारे कर्म तैं क्यों कसी, कियौ तुरत उपगार। बिन० विनवै० ॥१५॥

देव धरम दिये बीचमें, बहन बनाई तत्कार। पुण्डरीकपुर ले गयौ, करिके गज असवार। जिन कारण० विनवै० ॥ १६ ॥ पुत्र भए दो लव अंकुश बली, शिवगामी अवतार। वज्रजंघ रक्षा करी, पालि किये हुशियार। बिन० विनवै० ॥१७॥

चैत्र मास—चैत्रमास नारद मुनि मिले, चरण पड़े दोऊ वीर। राम लखनकीसी सम्पदा, हूज्यौ धारे घरवर वीर। बिन० विनवै० ॥१॥ पूछयौ अपनी मातसे, राम लखन माता कौन। टस टस लागे आंसू टपकने, मारयौ मन धारयौ मौन। बिन० विनवै० ॥२॥ नारदमुनि समझाईयो, पिछली

सकल वृतांत। सुनत उठे जोधारव हूले, वैठि विवाण तुरन्त। विन विनवै० ॥३॥ घेरि अजुध्या रणभेरी दई, कांपे सुरग पताल। सोच भयौ श्री रघुवीरके, आये कौन अकाल। विन० विनवै० ॥४॥ निकसे दोऊ भ्राता जुद्धकूं न्यूप मचाए घमसान। राम लछन घबरा दिए, पटक्यौ रथ काटे बाण। बिन० विनवै० ॥५॥

हल मूसल गए रामने, लछमन चक्र संभार। सात वार फेंक्यौं तानके, वृथा गए सातौं वार। विन० वि० ॥६॥ हम हरि बल अकए किधौं, उपजा सोच अपार। आगबघूला होके फिर लियौ, चक्र प्रलय करतार। विन० वि० ॥७॥ तब नारद आए भूमिमें, राम लखन ढिग आय। बात कहि सब समझायके, किसपे कोपे रघुराय। विन० वि० ॥८॥ पुत्र तुमारे दोऊ भुजबली, लव अंकुश बलवन्त। मात विपत सुनि कोपियौ, भाख्यौ सकल वृतांत। बिन० वि० ॥९॥ भरि आई छाती श्री रघुवीरकी, रणकूं दियौ है निवार। आय परे सुत चरणमें, लीने दोऊ पुचकारि। बिन० वि० ॥१०॥

वैशाख मास—मास वैशाख वसन्त रुत, सुन सीताजीकी सार, भाग पड़े हनुमन्तसे बली, ल्याए करि मनुहार। बिन० वि० ॥१॥ वज्रजंघ आयौ धूमसे, ल्यायौ सब परिवार। राम कहैं मैं आने दूं नहीं, सीता दई मैं निकार। बिन० वि० ॥२॥ जो आयो तो आवो इस तरां, कूदो अग्नि मंझार। देय परीक्षा अपने शीलकी, होवे मेरी पटनार। बिन० वि० ॥३॥ सीता यहि पण धारियौ, होवे कुण्ड तैयार। अगन जलावो देरी मत करो, सौ जोजन बिसतार। बि० वि० ॥४॥ खाई करि त्यारि करी, अंग हक्यौ बडभाग। कुण्ड खुदायौ नन मांवनों, चेतन कर दई आग ॥५॥

आय चढ़ी ऊंपै दमदमे, देखें देव अपार। सत नूतन

सूरत सोहनी, मनमें हरष अपार। वि० वि० ॥७॥ देखें सुरगोंके देवता, देखें भवन पताल। चन्द्र सूर्य देखें ज्योतिषी, देखें भूत पताल। वि० वि० ॥८॥ देखें सब विद्याधरा, देखें गण गन्धर्व, कमर कस्या फौजें आ पड़ी, देखें राजा सर्व। विन० वि० ॥९॥ ढीग अगन उठी गगन लौं, तड़तड़ात भयो घोर, कहत प्रजा श्रीरामसे, क्यो प्रभु भए हो कठोर। विन० विनवै ॥ १० ॥

वृक्ष बचे ना ऐसी अगनमें, फाटे धरणी पताल। पर्वत फटि मठ गिर पड़े हैं, प्रभु कीजिये टाल। वि० वि० ॥११॥ राम खड़गसूं स्यौ हाथमें, मति कोई कहोजी बनाय। आज्ञा माने मेरी ज्यानको, देवे भरम मिटाय। बिन० वि० ॥१२॥ हुकम दियो रघुवीरने, शील परीक्षा देह। नातर क्यों आई तू यहां, परजा करे है सन्देह। विन० वि० ॥१३॥ पंच परम गुरु वंदिके, करि पतिकूं परिणाम। छिमाजी कराई सब जीवसे, देखें लछमन राम। विन० वि० ॥१४॥ पुत्र जुगल छोड़े रोवते, सो है शचो समान। हरख भरी सतवन्ती महा, बोली वचन महान। विन० वि० ॥१५॥ जो परपुरुष निहारिके, मैं कछु कियो हो कुभाव। भस्म अग्नि मोहि कीजियो, नातर जल हुय जाव। विन० वि० ॥१६॥

ज्येष्ठ मास—जेठ तपे सूरज आकरे, नाचे अगनि प्रचण्ड। आसपास जल थल बयार सब, सूकि गग वन खण्ड। विन० वि० ॥१॥ कूदि पड़ी जलती आगमें, शांति भई तत्कार। उभरे कंवल अकाश लों, लीनी अधर सहार। विन० वि० ॥२॥ जल लहरावें बोले हंसनी, कर रही मीन सह्लोल छत्र फिरेजी उसके सीसपे। इन्द्र चंवर रहे ढोल। विन० वि० ॥३॥ शीतल मन्द सुगन्द जुत, मीठी चलै जीव पार। वरषे मणि अमृत ऊडी, देव करे जै जैकार। बिन० वि० ॥४॥ धन्य सती धन

सतवन्तनी, धन धन धीरज एह। धिग धिग धिग हम उनकूं करे, जिनके मन सन्देह। विन० वि० ॥५॥

अथ द्वादशानुप्रेक्षा भावना सीताजी भावे हैं, जोग धारण करेगी कमलमें बैठी विचार करे हैं।

सीता भावें मनमें भावना, यह संसार अनित्य। धर्म बिना तीनों लोकमें, शरण सहाई ना मित्र। विन० वि० ॥६॥ उलट पुलट पाले हरदसा, ये संसारी चक्र। एक अकेला भटके आतमा, क्या पशु पंछी अरु क्या शक्र। विन० वि० ॥६॥ अब कोई जगमें आपना, अब हम काहूके मीत। अशुचि अपावन तन विषे, करम करे विपरीत। विन० वि० ॥७॥

संवर जलबिन ना बुझे, तृस्ना अगन प्रचण्ड। कर्म झपाए बिन नासपे, भटके सबे ब्रम्हंड। विन० वि० ॥८॥ दुर्लभ बोध जगतमें, दुर्लभ श्री जिनधर्म दुर्लभ स्वपर विचार है। कर्म न डारयौं मर्म। विन० वि० ॥९॥ परवश भोगी भारी वेदना, स्ववशस हीं नहि रंच। सास्वत सुख जासे पावनी, तई करमने बंच। विन० वि० ॥१०॥ अब मैं सब वेदन सही, कीनी धरम सहाय। परतज्ञा पूरी करूं, मोह महा दुखदाय। विन० वि० ॥११॥ राम कहैं प्यारी चल घरूं, तथा मुझमें भुजमें डारि। पाडि शिखा करपे धरि दई, त्यागयो हम संसार। विन० वि० ॥१२॥ तुम त्यागा निरदोषकूं, हम त्यागे लखि दोष। करिके क्षिमा मैं संजम लियो, करियो मत अफसोस। विन० वि० ॥१३॥ गई सती जीवन मंदहूं, भई अरजिका धीर। सप सप तप सो करे सब दुख सहै शरीर। विन० वि० ॥१४॥ पूरी करि परजायकूं, अच्युत सुरग मंझार। इन्द्र भएजी पुन्य संजोगसे, भोगे सुख अपार। विन० वि० ॥१५॥

इतिश्री सीताजीका बारहमासा सम्पूर्ण।

आगे कवि नाम ग्राम संवत लिख्यते—

पढियो भाई भैना भावसे, गावो बाल गुपाल। भावोजी धरमकी भावना, सिर पर गरजत काल। बिन० वि० ॥१॥ शील महातमके मैं कह्यो, या सम धरम न कोय। शील रतन मोटा रतन, जातें जग जश होय। बिन० वि० ॥२॥ परभवमें सुख सम्पदा, इन्द्रादिक पद पाय। काटि करम शिवसुन्दरि वरे, जन्म मरण छुटि जाय। बिन० वि० ॥३॥ वंश बढै सब संकट घटें सोग वियोग न कोय रोग मिटेजी सेवो सन्त जन। पाप सकल गेरे धोय। बिन० वि० ॥४॥ नैनानन्द प्रबन्ध यह, दयासिंधु सुत हेत। गायो ध्याय जिनेन्द्रकूं, पद्मपुराण उपेत। बिन० वि० ॥५॥ संवत विक्रम भूपको, नवशत एक हजार। ता बरपट चालीस पर, लीज्यो सुघड सम्भाल। बिन० वि० ॥६॥ माघ शुक्ल पुन्योंके दिना, पूरे किये बारामास। दयासिंधु जिन धर्मकूं, कीज्यो पुत्र प्रकाश। बिन० बि० ॥७॥ मत पढियो वेदो कुपथमें, तजियो मत जिन धर्म। कर लीज्यो बेटा नरभवकूं सफल, रख लीज्यों मेरी शर्म। बिन कारण स्वामी क्यों तजी, गावे जनक दुलारि। बिन कारण स्वामी क्यों तजी ॥८॥

इतिश्री श्रीमान् राजा जनककी पुत्री रामचन्द्रकी रानी महासती सीतामाताके शील महातम सम्बन्धी अद्भुत प्रभावका बारह-माषा यति नयनानन्द कवि कांधलानगर निवासी कृत सम्पूर्णम्।

इति नयनानन्द विलास संग्रहे सीता शील महात्म्ये अध्याय २४ वां सम्पूर्णम् ॥ २४ ॥

# अध्याय पच्चीसवां

अथ वज्रदन्त चक्रवर्तीका बारह मासा अध्याय २४ वां प्रगट होकि वज्रदन्त चक्रवर्तिको वैराग्य उपज्या। तब वे अपने पुत्रोंकूं राज्य दे हैं पुत्र परम वैरागी राजकूं अंगीकार नहीं कर रहैं, तिनके जुबाब सवाल हो रहे हैं। तिनकी वैराग्य भावनाका यह बारह मासा, यती नयनसुखदास कृत लिख्यते।

अथ मंगलाचरण छन्द सवैया ॥३१॥

वन्दूं मैं जिनन्द परमानन्दके कन्द जगवन्द बिमलेंदु जड़ता तपहरनकूं। इन्द्र धरणेन्द्र गौतमादिक गणेन्द्र जाहि सेवें राव रंक भवसागरकूं॥ निर्बन्ध निर्द्वन्द दीनबन्धु दयासिन्धु करें उपदेश परमारथ करनकूं। गावे नैनसुखदास वज्रदन्त बारामास मेटो भगवन्त मेरे जनम मरनकूं॥१॥

कथा प्रबन्ध दोहा—

वज्रदन्त चक्रेशकी, कथा सुनो मन लाय।<br>
कर्म काटि शिवपुर गये, बारह भावन भाय॥२॥

सवैया ३१—बैठे वज्रदन्त आय अपनी सभा लगाय, ताके पास बैठे राय बत्तीस हजार हैं। इन्द्र कैसे भोग सार रानी छाणवें हजार, पुत्र एक सहस महान गुणगार हैं॥ जाके पुण्य प्रचण्ड सेनावें हैं बलवन्त शत्रु हाथ जोड़ि मान छोड़ि सेवें दरबार है। ऐसो काल पाय माली ल्यायौ एक डाली तामें देख्यौ अलि अंबुज मरण भयकार है॥३॥

चक्रवर्ति वैराग्य वरणन, सवैया ३१

अहो यह भोग महा पापको संजोग देखो डालीमें कमल तामें भौंरा प्राण हरे हैं। नासिकाके हेत भयो भोगमें अचेत

सारी रैनके लायमें बिलाय छन करे हैं ॥३॥ हम तो हैं पांचू छीके भोगी भए जोगी नाहि विषय कषायनके जाल मांहि परे हैं। जो न अब हित करू जाने कौन गति पड़ें सुतन बुलायके यों वच अनुसरे हैं ॥४॥

चक्रवर्ति वचन पुत्रोंसती सवैया ३१

अहो सुत जगरीत देखके हमारी नीति भई है उदास बनोवास अनुसरेंगे। राज भारको सभरो परजाका हित करो हम कर्म शत्रुनकी फौजसूं लरेंगे॥ सुत वचन तब कहत कुमार अब हम तो जगालकूं न अंगीकार करेंगे। आप बुरो जानि छोड़ो हमें जगजाल बोड़ो तुमरे ही संग पंच महा-वृत्त धरेंगे ॥५॥

पिता वचन आषाढ़ मास छन्द चौपाई

सुत आषाढ़ आयो पावसकाल सिरपर गरजत जम विकराल।
लेहु राज सुखकरहु विनोत, हम वन जांय बडनकी रीत ॥१॥
गीता छन्द—जांय तपके हेत वनकूं, भोग तजि संजम धरें।
तजि ग्रन्थ सब निर्ग्रन्थ हो संसार सागरसे तरें॥
यही हमारे मन बसी तुम रहो धीरज धारिके।
कुल आपनेकी रीति चालो राजनीति विचारिके ॥७॥

पुत्रोंका उत्तर चौपाई

पिता राज तुम कीनो बोन, ताहि ग्रहण हम रथ होन।
यह भौंरा भोगनकी व्यथा, प्रगट करत कर कंगन यथा ॥८॥
गीता छन्द—क्या करसा कंगना सन्मुख प्रगट नजरां परें।
क्यों हो पिता भों रानि रखि भव भोगसें मन थरहरें॥
तुमने तो वनके वास हीको सुख अंगीकृत किया।
तुमरी समझ सोई समझ हमरी हमें नृपपद क्यों दिया ॥९॥

श्रावण मास पिता वचन चौपाई

श्रावण पुत्र कठिन वनवास, जल थल सीत पवनके त्रास।
जो नहि पले साधु आचार, तौ मुनि भेष लजावे सार ॥१०॥

गीता—लाजे सिरी मुनि भेष तातै देहका साधन करो।
सम्यक्त जुत वृत पंच में तुम देशवृत मनमें धरो॥
हिंसा असत चोरी परिग्रह ब्रह्मचर्य सुधारिके।
कुल आपनेकी रीति चालो राजनति विचारिके ॥११॥

पुत्रोंका उत्तर—चौपाई

पिता अंग यह हमरो नाहि, भूख प्यास पुद्गल पर छांहि।
पाय परी सह कबहु न भजे, धरि संन्यास मरण तन तजे ॥१२॥

गीता—संन्यास धरि तनकूं तजै, नहि हंशमंसकतें डरे।
रहे नगन तन वन खण्डमें जहां, मेघमूसल जलबरे॥
तुम धन्य हो बड़भाग तजिके राज तप उद्यम किया।
तुमरी समझ सोई समझ हमरी हमें नृपपद क्यों दिया ॥१३॥

भादों पिता वचन—चौपाई

भादोंमें सुत उपजे रोग, आवे याद महलके भोग।
जो प्रमादवस आस न टले, तो न दयावृत्त तुमने पले ॥१४॥

गीत—जब दयावृत नहीं पले, तबे उपहास जगमें जिनके।
अर्हंत धरम निर्ग्रन्थकी, कहो कौन फिर सरधा करे॥
तातें करो मुनि दान पूजा राजकाज समारीके।
कुल आपनेकी० ॥१५॥

पुत्रोंका वचन—चौपाई

हम तजि भोग चलेंगे साथ, मिटै रोग भवभवके तात।
समता मन्दिरमें पग धरे, अनुभव अमृत सेवन करे ॥१६॥

गीता—करे अनुभव पान आतमध्यान वीणा कर धरे।
आलापि मेघ मल्हार सी हंसमभंगी स्वर भरे॥

धगधग पखावज भोगकूं सन्तोष मनमें कर लिया।
तुमरी समझ सोई समझ ॥ १७ ॥

आसौज पिता वचन-चौपाई

आसुज भोग तजे नहिं जाय, भोगी जोवन कूड़ विलाय।
मोह लहर जियाकी सुधि हरे, ग्यारह गुण थानक चढि गिरे॥१८

गीता—गिरे थानक ग्यारवेंसे आय मिथ्या मू परे।
बिन भावकी थिरता जगतमें चतुर्गतिके दुख भरे॥
रहे द्रव्यलिंगी जगतमें बिन ज्ञान पौरुष हारिके।
कुल आपने की० ॥१९॥

पुत्र वचन उत्तर—चौपाई।

विषै विडारि पिता तन वसें, गिर कन्दर निर्जन वन वसे।
महामन्त्रको लखि परभाव, भोग भुजंग न घाले घाव॥२०॥

गीता-घाले न भोग भुजंग तब क्यों मोहकी लहरां चढें।
परमाद तजि परमातमा परकाश जिन आगम पढें॥
फिर काललब्धि उद्योत होय सु होय यों मन थिर किया।
तुमरी समझ० ॥२१॥

कार्तिक मास पिता वचन-चौपाई

कातिगमें सुत फरे बिहार, कांटे कांकर चुभें अपार।
मारे दुष्ट खेंचिके तीर, फाढे उर थर हरे शरीर॥२२॥

गीता—थरहरे सगरी देह अपने हाथ काट तन छिवने।
नहि और काहूसे कहै तब देहकी थिरता हने॥
कोई खेंचि बांधि थम्भसे कोई खाय आंत निकारिके।
कुल आपने की रीति॥२३॥

पुत्र वचन चौपाई

पद पद पुन्य धरामें चले, कांटे पाप सकल दल मले।
छिमा ढाल तल धरे शरीर, विफल करे दुष्टनके तीर॥२४॥

गीता—करि दुष्टजनके तीर निरफल दया कुंजर पर पड़े।
तुम संग समता खड्ग लेकर अष्ट कर मनसे लड़े॥
धन धन्य यह दिन वार प्रभु तुम जोगका उद्यम किया।
तुमरी समझ सोई समझ हमरी हमैं नृपपद क्यों दिया॥२५

अगहन चौपाई

अगहन मुनि तटनी तट रहैं, ग्रीषम शैल सिखर दुख सहैं।
पुनि जब आवत पावसकाल, रहैं साधन जन वन विकराल॥२६

गीता छन्द—रहैं वन विकरालमें जहां सिंह स्याल सतां वही।
कानोंमें बीछू बिल करें, अरु व्याल तन लिपटांय ही॥
दें कष्ट प्रेत पिशाच आनि अंगार पाया डारिके।
कुल आपने की रीति चालो राजनीति विचारीके॥२७॥

पुत्र वचन-चौपाई

हे प्रभु बहुत बार दुख सहे बिना केवली जांय न कहे।
शीत उष्णनके तात, करत पाद कंपे सब गात॥
गीता—गात कंपे नरकसे लहे, शीत उष्ण अथाय ही।
जहां लाख जोजन लोह पिंड सु होय जलगल जांय ही॥
असि पत्र वनके दुख सहे, परवस स्वयं तप ना किया।
तुमरी समझ सोई समझ० ॥२८॥

पौष पिता वचन-चौपाई

पौष अरथ अरु लेहु गयन्द, चौरासी लख लख सुख कंद।
कोडि अठारह घोड़ा लेहु, लाख कोडि हलधर गिनेहु॥२९॥

गीता—लेहु हल लख कोडि षटखण्ड भूमि अरु नवनिधि बड़ी।
त्यों देशकोश विभूति हमरी रासि रतननकी पड़ी॥
धर देहुं सिरपर छत्र तुमरे नगर चौंर ढ्वारिके।
कुल आपने की रीति चालो राजनीति विचारिके॥३०॥

पुत्र उत्तर-चौपाई

अहो कृपानिधि तुम परसाद, भोगे भोग सुने मरजाद।
अब न भोगकी हमकूं चाह, भोगनमें भूले शिवराह ॥३१॥

गीता—राह भूले मुक्तिकी बहु बार सुरगति संचरे।
जहां कल्पवृक्ष सुगन्ध सुगन्ध सुन्दर अपछरा मनकूं हरे॥
जो उदधि पी नहि भया तिरपत ओस पीके दिन जिया।
तुमरी समझ सोई समझ० ॥३२॥

माघ मास पिता वचन-चौपाई

माघ सधे न सुरनतें सोय, भोगभूमियनतें नहि होय।
हर हरि अरु प्रति हरिसे बीर, संजम हेत धरें नहि धीर ॥३३

गीता—संजमकूं धीरज नहीं धरें, नहि टरे रणमें युद्धसूं।
जो शत्रुगण गजराजकूं दल मलैं पकरि विरुद्धसूं॥
पुनि कोटि सिलमुद्रर समानो देय फेंकि उपारिके।
कुल आपने की रीति धारों लो राजनीति विचारिके ॥३४॥

पुत्र उत्तर-चौपाई

बंन्ध जोग उद्यम नहि करे, एतो तात कर्मफल भरे।
बांधे पूरव भव गति जिसी, भुगतें जीव जगतमें तिसी ॥३ ॥

गीता—जीव भुगते कर्मफल कहु कौन विधि संजम धरे।
जिनवन्ध जैसा बांधियौ तैसा ही सुखदुख सो भरे॥
यों जानि सबकूं बन्धमें निर्बंधमें निका उद्यम किया।
तुमरी समझ० ॥३६॥

फाल्गुण पिता वचन-चौपाई

फाल्गुण चाले सीतल वाय थर थर कम्पे सबकी काय।
तन भव बन्ध विदारनहार, त्यागे मूढ महाव्रत सार ॥३७॥

गीता—धार परिग्रह व्रत विसारे, अगनि चहुंदिशि जारिही।
करे मूढ सीत वितीत दुर्गति गहैं हाथ पसार ही॥

सो होय प्रेत पिशाच भूतन ऊतग्नु भगति टारिके।
कुल आपने की रीति चालो राजनीति विचारिके ॥३८॥

पुत्र उत्तर-चौपाई

हे मतिवन्त कहा तुम कही प्रलय पवनकी वेदन सही।
भारी मछ कछकी काय, सहे दुप्प जल चर पर जाय ॥३९॥

गीता—पाप पशु परजाय परबस रहे छिन बन्धायके।
जहां रोम रोम शरीर कंपे मरे तन तरफायके॥
फिर गेरि चाम उचेरि स्वानसि चान मिलि शोणित पिया।
तुमरी समझ० ॥४०॥

चैत्र मास पिता वचन-चौपाई

चैत लता मदनोदय होय, ऋतु वसन्तमें फूले सोय।
तिनकी इष्ट गन्धके जोर, जागे काम महाबल फोरि ॥४१॥

गीता छन्द—फोरि बलकूं काम जागे लेय मन पुरुषो नहीं।
फिराया न परम निधान हरिके करे तेरा सोन ही॥
इतके न उतके तब रहे गए कुगति दोऊ कर हारिके।
कुल आपने की रीति चालो राजनीति विचारिके। ४२॥

पुत्र वचन-चौपाई

ऋतु वसन्त वनमें नहि रहैं, भूमि मसारग परीसह सहैं।
जहां नहि हरित काय अंकूर, उडत निरन्तर अहिनिशि धूर ॥४३

गीत—उडे वनकी धूर निशिदिन चाले कांकर आयके।
सुनि शब्द प्रेत प्रचण्डके तब कान जाय पताय के॥
मत कहो अब कछु और प्रभु भाव भोगस मन फ[illegible]।
तुमरी ॥४४॥

वैशाख मास पिता वचन-चौपाई

मास वैशाख सुनत वरदास, चलो मन उपज्यो विलास।
अब बोलनकूं नाहीं ठौर, मैं कहूं और तुम करै और ॥४५॥

गीता—और अब कछु मैं कहूं नहीं रीति जगकी कीजिए ।
इकबार हमसे राज लेऊ चाहि जिसकूं दीजिए ॥
पोता था इकपट मासका अभिषेक कर राजा कियो ।
पितु संग सब जगजालसेती निकस वन मारग लियो ॥४६

कवि वचन—

उठे वज्रदन्त चक्रेश, तीस सहस नृप तजि अलवेश ।
एकहजार पुत्र वड भाग, साठि सहस सती जग त्यागी ॥४७॥

गीता—त्यागि जाकूं ए चले सब भोग तजि ममता हरी ।
शम भाव करि तिहुं लोकके जीवोंसे यों विनत करी ॥
अहो जेते जीव जगमें छिमा हम पर कीजियो ।
हम जैन दीक्षा लेत हैं तुम वैर सब तजि दीजियो ॥४८॥
वैर सबसे हम तज्या अर्हतका शरणा लिया ।
श्री सिद्ध साहूकी शरण सर्वज्ञके मत चित दिया ॥
यों भाखि पिहिताश्रव गुरुन ढिग जैन दीक्षा आदरी ।
कर लोच तजिके सोच सबनें ध्यानमें द्रिढता धरी ॥४९॥

जेठ मास कवि वचन-चौपाई

जेठ मास लूताती चलें सूके सर कपिगण मद गलें ।
ग्रीषम काल शिखरके सीस धरयो अतापन जोग मुनीश ॥४९॥

गीता—धरि जोग आतापन सुगुरुने शुक्ल ध्यान लगाईयो ।
तिहुं लोक भानु समान केवलज्ञान तिन प्रगटाईयो ॥
धन वज्रदन्त मुनीश जग तजि कर्मके सन्मुख भए ।
निज काज अरु परकाज करिके समयमें शिवपुर गए ॥५०॥

कवि वचन-चौपाई

सम्यक्तादि सुगुण आधार भए निरंजन निराकार ।
आवागन जलांजलि दई सब जीवनकी शुभ गति भई ॥५१॥

गीता—भई शुभ गति सबनकी जिन शरण जिनपतिकी लई।
पुरुषार्थ सिद्धि उपायसे परमार्थकी सिद्धि भई॥
जो पढ़ें बारामास भावन भाय चित हुलसायके।
पवित्र नैन आनन्द तिनके हों मंगल नित नए
अरु विघ्न जाय पलायके॥५२॥

दोहा—नित नित नव मंगल बढ़ें पढ़ें जु यह गुण माल
सुर नरके सुख भोगि कर पावें मोक्ष रिसाल॥५३॥

सवैया ३१

दो हजार माहितैं तिहत्तर घटाय अब विक्रमको संवत् विचारिके धरत हूं। अघहन असि त्रयोदशी मृगांक वार अर्द्ध निशामांहि याहि पूरन करत हूँ॥

इति सिरि वज्रदन्त चक्रवर्तिको वृत्तांत, रचिके पवित्र नैन आनन्द भरत हूँ। ग्यानवन्त करो शुद्ध जानि मेरी बाल बुद्धि दोषपै न करो रोष करो पायन परत हूं॥१॥

इति श्री नयनानन्द यति विरचितायां श्री आदिपुरानुसारेण विदेहक्षेत्रस्थ श्रीमान् राज राजेन्द्र वज्रदन्त चक्रवर्तिकी वैराग्य दशाका बारह मासा सम्पूर्णम्।

इति पचीसवां अध्याय सम्पूर्णम्॥२५॥

# अध्याय छव्वीसवां

श्री जिन जगदीश्वराय नमः।

अथ श्रीमान् उग्रसेन राजमती सती राजराजेश्वरीकी वैराग्य भावना बारहमासा नवीन यति नयन-सुखदास कृत अध्याय २६ वां लिख्यते—

राग मरहटी–झडी

मैं ल्यूंगा सिरी अरहन्त सिद्ध भगवन्त साधु सिद्धांत च्यारका सरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना॥

यह टेक हर महीनेमें आवेगी।

आषाढ़ झडी—सखि आया साढ घनघोर मोर चहुँओर मचा रहे शोर इन्हे समझाबो। मेरे प्रीतमकी तुम पवन परीक्षा ल्यावो॥ हैं कहां मेरे भरतार कहां गिरनार महाव्रत धार वसे किस बनमें। क्यों बांध मौड दिया तोड क्या सोची मनमें॥

झर्वटे—तू जारे पपय्या जारे प्रीतमको देश मझारे। रही नौ भव संग तुमारे क्यों छोड दई मझधारे॥

झडी—क्यों विना दोष भये रोस नहीं सन्तोष यही अपसोस बात नहीं झूठी। दिये जादों छप्पन कोड क्या सूझी मोही राखो चरन मंझार, मेरे भरतार करो उद्धार, क्या दे गए झुरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना॥ मैं ल्यूंगी सिरी अरहन्त सिद्ध भगवन्त साधु सिद्धांत च्यारका सरना। निर्नेम नेम० हमें जगत० ॥१॥

श्रावण झडी—सखि श्रावण संवर करे समन्दर भरे जतन क्या करिये। मेरे जीमें ऐसा आवे महाव्रत धरिये॥ सब तजूं हार सिंगार तजूं संसार क्यूं भव मंझारमें जी भर-माऊं। ज्यों पराधीन तिरियाका जनम नहीं पाऊं॥

झवंटे—सब सुनल्यो राजदुलारी दुख पड़ गया हमपर भारी।
तुम तज दो प्रीत हमारी, कर दो संजमकी त्यारी॥

झड़ी—अब आ गया पावस काल, करो मत टाल, भरे सब ताल, महा जल बरसे। बिन पारसे श्री भगवान मेरा जी तरसे मैं तज दई तोजस लौन पलट गई पौन, मेरा है कौन मुझे जग ताना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना, मैं ल्यूंगी सिरी अरहन्त सिद्ध भगवन्त साधु सिद्धांत च्यारका सरना। निर्नेम नेम हमें जगत क्या करना॥२॥

भादों झड़ी—सखि भादों भरे तलाव मेरे चित्त चाव करूंगी उछावसे सोलहकारन, करूं दसलक्षणके वृतमें पाप निवारन। करूं रोटतीज उपवास पचमो अकास अष्टमी खास निशल्य मनाऊं, तप कर सुगन्ध दशमीकूं कर्म जलाऊं॥

झवंटे—सखि ऊद्धार सकी बारा, तजि हार च्यार परकारा। करूं उग्र उग्र तप सारा, ज्यों होय मेरा निस्तारा॥

झड़ी—मैं रतनत्रे वृत धरूं चतुर्दशी करूं जगतमें तिरूं करूं पखवाड़ा, मैं सबसे छिमाऊं दोस तजूं मदगाढ़ा। मैं सातूं तत्व विचारकी गाऊं मलार, तजा संसार तो फिर क्या डरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना, मैं ल्यूंगी सिरी अरहन्त सिद्ध भगवन्त साध सिद्धांत च्यारका सरना। निर्नेम नेम० ॥

आसौज झड़ी—सखि आ गया मास कुवार ल्यो भूषण तार मुझे गिरनारकी दे दो आज्ञा, मेरे पाणि पात्र आहारकी है परतज्ञा। ल्यो तार ये चूड़ामणी रतनकी कणी सुनो सब भणी खोलदो वेनी, मुझकूं अवश्य परभात ही दिक्षा लेनी॥

झवंटे—मेरे हेत कमण्डल ल्यावो, इक पीछी नई मंगावो। मेरा मत नाजी भरमावो, मत झूठे कर्म कमावो॥

झडी—है जगतमें आघाता कर्म बड़ा बेशरम मोहके भरमसे धर्म न सूझे, इसके वश अपना हित कल्याण न बूझे। जहां मृग तृष्णाकी धूर हुं, पानी दूर भटकना भूरि कहां जल झरना निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना। मैं ल्यूंगी सिरी अर्हन्त सिद्ध भगवन्त साध सिद्धांत च्यारका सरना, निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना॥

कार्तिक झडी—सखि कातिग काल अनन्त सिरी अर्हन्तकी सन्त महन्तने आज्ञा पाली, धर जोग जतन भव भोगकी तृष्णा टाली। सजे चौदह गुण असथान स्वपर पहचान तजे मकानरु महल दिवाली. लगा उने मिष्ट जिन धर्म अमावश काली॥

झर्वटे—उन केवलज्ञान उपाया, जगका अन्धेर मिटाया। जिसमें सब विश्व समाया, तन धन सब अथिर बताया॥

झडी—है अथिर जगत सब वंघ अरी मतिमन्द जगतका धन्ध है धुन्ध पसारा, मेरे पीतमने सत जानिके जगत बिसारा, मैं उनके चरणकी चेरी तू आज्ञा देरी सुन ले मा मेरी है इक दिन मरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना, मैं ल्यूंगा सिरी अरहन्त सिद्ध भगवन्त साधु सिद्धांत च्यारका सरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना।५॥

अघहन मरहटी झडी—सखि अघहन ऐसी घडी उदेमें पडी मैं रह गई खडी दरस नहिं पाये, मैंने सुकृतके दिन विरथा यों ही गवाये। नहि मिले हमारे पिया, न जप तप किया न संजम लिया अटक रही जगमें। पडी काल अनादिसे पापकी वेड़ी पगमें॥

झर्वटे—मत भरियों मांग हमारी, मेरी शीलकूं लागै गारी। मत डारो अंजन प्यारी, मैं जोगन तुम संसारी॥

झडी—हुये कन्त हमारे जती मैं उनकी सती परट गई रती तो धर्म न खण्डू, मैं अपने पिताके वंशकूं कैसे भण्डूं। मैं मण्डा शील सिंगार अरी नथ तार गये भरतारके संग आभरना, निर्नेम नेम विन हमें जगत क्या करना। मैं ल्यूंगी श्री अरहन्त सिद्ध भगवन्त साधु सिद्धांत प्यारका सरना, निर्नेम नेम विन हमें जगत क्या करना ॥६॥

पौषका महीना झडी गजी लगा महिना पौष ये मान्या मोह जगतसे द्रोहरु प्रीत करावे. हरे ज्ञानावर्णी ज्ञान अदर्शन छावे। परदर वसे ममता हरे तो पूरी परेजु संवर करे तो अन्तर टूटे, अरु ऊचनीच कुल नामको संज्ञा छूटे ॥

झर्वटे—क्यो ओछी उमर धरावे, क्यो सम्पत्तिकूं विल लावे, क्यो पराधीन दुःख पावे। जो संजममें चित लावे ॥

झडो मरहटो—सखी क्यो कहलावे दीन. क्यो हो छबि छीन। क्यो विद्याहीन मलीन कहावे क्यो नारि नपुंसक जन्ममें कर्म नचावे। वे तजे शील शिलाकले, संसार भिने दरकार नरकमें पडना निर्नेम नेम विन हमें जगत क्या करना मैं ल्यूंगी सिरी अरहन्त सिद्ध भगवन्त साधु सिद्धांत प्यारका सरना। निर्नेम नेम विन हमें जगत क्या करना। ७ ॥

माघ मास मरहटी झडी—सखि आ गया माह यसंत हमारे कन्त भये अरहन्त वो केवलज्ञानी उन महिमा शील कुशीलका ऐसे बखानी। दिये सेठ सुदर्शन सूरभई मखतूल हुं बरसे फूल हुई जै बानी, ये मुनि गये छल भई कलंकित रानी ॥

झर्वटे—फिर गया दुर्योधन बीर हुई दुलीर द्रुत गई भीर लाज पति आवे, गये पांडु जुयेमें हार न पार बसावे।

भये कीचकने मन ललचाया, द्रुपदी पर भाव धराया। उसे भीमने मार गिराया उन किया जैसा फल पाया॥

मरहटो—फिर गया दुर्योधन वीर हुई दलगीर जुड गई भोर लाज अति आवे, गये पांडु जुयेमें हार न पार बसावे। भये परगट शासनवीर हरी सब पार बन्धाई वीर पकर लिये चरना, निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना। मैं ल्यूंगो श्री अरहन्त सिद्ध भगवन्त चार साधु सिद्धांत च्यारका सरना, निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना ॥८॥

फाल्गुण मरहटो—सखि आया फाग बडभाग तो होरी त्याग अठां ही लागके मैनासुन्दर, हरा सिरीपालका कुष्ट कठ'र उदम्बर। दिया धवलसेठनें डार उदधिको धार तो हो गये पार वे उस ही पलमें, अरु जा परणी गुणमाल न डूबे जलमें ॥

झर्वटें—मिली रैनमंजूषा प्यारी, जिन धजा शीलकी धारी।
परी सेठपे मार करारी, गया नर्कमें पापाचारी ॥

मरहटो—तुम लखो द्रौपदी सती दोष नहीं रती कहें दुर्मती पदमके बन्धन, हुया घातकी खण्ड जरूर। शील इस खण्डन, उन फूटे घड़े मंझार दिया जल डार तो वे आधार थमा जल झरना। निर्नेम नेम विन हमें जगत क्या करना, मैं ल्यूंगो सिरी अरहन्त सिद्ध भगवन्त साधु सिद्धांत च्यारका सरना, निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना ॥९॥

चैत्र मरहटो—सखि चेतमें चिंता करे न कारज सरे शीलसे टरे कर्मको रेखा, मैंने शीलसे भीलकूं होता जगत गुरु देखा। सखि सीलसे सुलसां तिरी सु तारा फिरी खला चीकरी सिरी रघुनन्दन, अरु मिला सील परताप पवनसे अंजन ॥

झर्वटे—रावणने कुमति उपाराई, फिर गया विभीषण भाई।
छिनमें जा लंक ढवाई, कुछ भी नहीं पार बसाई॥

मरहटो—सीया सती अगनमें खडी, तो उस ही घडी वो शीतल पडी चढो जलधारा। खिल गए कंवल भये गगनमें जै जै कारा पद पूजे इन्द्र धनेन्द्र भई शीतेन्द्र सिरी जैनेन्द्रने ऐसा वरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना, मैं ल्यूंगी सीरी अरहन्त सिद्ध भगवन्त साध सिद्धांत न्यारका सरना ॥१०॥

वैशाख मरहटो—सखी आई वशाखो भेख लई मैं देख ये ऊर धन रेख पड़े मेरे करमें, मेरा हुवा जनम भयो उग्रसेनके घरमें। नहि लिखा करममें भोग पड़ा है जोग करो मत सोग जाऊं गिरनारी, है मातपिता अरु भ्रातसे छिमा हमारी॥
झर्वटे—मैं पुन्य प्रताप तुमारे, घर भोगे भोग अपारे।
जो विधके अंक हमारे, नहि टरे किसूके टार॥

मरहटो—मेरी सखी सहेली वीर न हो दलगीर धरो चित धीरमें क्षमा कराऊं, मैं कुलकूं तुमारे कबहु न दाग लगाऊं। बोली आज्ञा उठ खडी थी मंगल घडी बनमें जा पडी सुगुरुके चरना, निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना। मैं लूंगी सिरी अरहन्त सिद्ध भगवन्त साध सिद्धांत न्यारका सर्ना, निर्नेम नेम बिन हमें जगतका क्या करना ॥११॥

जेठ मरहटो—अजि पडे जेठकी धूप खडे सब भूप वो कन्यारूप सती बडभागन, कर सिद्धनकूं परणाम किया जग त्यागन। अजि त्यागे सब सिंगार चूडियां तार कै मण्डल धारके लई पिछोटी, अरु पहरके साडी श्वेत उतारी चोटी॥

झर्वटे—उन महाव्रत तप कीना, फिर अच्युतेन्द्र पद लीना। है धन्य सतीका जीना, नहि विषयनमें चित दीना॥

मरहटी—अजि त्रिया वेद मिटाया पाप कट गया पुन्य बढ़ गया बढ़ा पुरुषारथ, करे परम अरथ फल भोग रचे परमारथ। वो स्वर्ग सम्पदा मुक्ति जायगी मुक्ति जैनकी भक्तिमें निश्चै धरना, निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना। मैं ल्यूंगी सिरी अरहन्त सिद्ध भगवन्त साध सिद्धांत च्यारका सरना, निर्नेम नेम बिन हमें जगतका क्या करना ॥१२॥

साल संवत् कवि वंशनगर नाम सहित महातम बारह मासेका।

जो पढ़े इसे नरनार बढ़े परिवार सकल संसारमें महिमा पावे, सुन सतियन शील कथान बिघन मिट जावे। नहि रहैं दुहागन दुखी होय सब सुखी मिटे वेरूकी करे पति आदर, वे होय जगतमें महासतिन बादर॥

झर्वटे- मैं मानुप कुलमें आया, अरु जाति जती कहलाया। है कर्म बदेकी माया, बिन संजम जनम गंवाया॥

झडी—है दिल्ली नगर सुवा वतन है खास फालगुण मास अठांही आटे, हां उनके नित कल्याण जो लिख लिख बांटे। अजि विक्रम अङ्क उन्नीसपे धर पैंतीस सिरी जगदीशका लेल्यौ शरणा, कहै दास नैनसुख दोषपै दृष्टि न धरना। मैं ल्यूंगी सिरी अरहन्त सिद्ध भगवन्त साध सिद्धांत च्यारका सरना, निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना ॥१३॥

इतिश्री राजमतीका बारहमासा समाप्तम्। इति २६वां अध्याय।

अथ श्री नेमिनाथ तथा राजमतीके संवादमें
उर्दू भाषामें बारामासा प्रारम्भः।

दोहा - नेमिनाथ वन्दूँ चरण हरण कुमत सु प्रकाश।
विघन हरण मंगल करन, जैजै मुक्ति निवास ॥१॥
जिन मुख उद्भव शारदा, वाकवानि तुम नाम।
वाक सिद्ध मुझ दीजिये, पुनि पुनि करत प्रणाम ॥२॥

जैसे भुजबल हीन नर, दुस्तर जलधि अगाध।
तिरा चहैं कैसे तिरें, तोहि कृपा विन बाद ॥३॥

गीता छन्द—कर वाकवानी मिहरबानीमें कदम तेरे गहे।
मनशा हमारी पूर सारी, नयनसुख ऐसे कहे ॥
आया शरन पड़के चरन तुम दुख हरन जगमें कही।
कर दया बारामास राजुल नेमिके भाखूं सही ॥४॥

कथा प्रबन्ध-दोहा

शौरीपुर इक नगर था, समुद्रविजै थे राय।
नेमिनाथ पैदा हुये, शिवदेवी थी माय ॥५॥

छन्द—थी मात सेवादेवी, जिनके गर्भसे पैदा हुवे।
उग्रसेन राजाकी सुताके साथ वे मांगे गये ॥
दिया रूप उनके पुन्य नैनसुखचन्द्र नैना मदभरे।
आंसूसे शरमिन्दा हुये हिरनोंने घर बनमें करे ॥६॥
सुन कण्ठकी आवाज कोयल कूकती वनमें फिरे।
इस सोचमें काली पड़ी अपमान लखि मनमें झुरे ॥
काली जुल्फ नागन लटा मुख चन्द्रपर गालिब हुई।
ज्यों राहु आवे चन्द्रपर फिर हारकर नीची नई ॥७॥
लचका कमर खाती चले मद केहरीका मद हरे।
तब हुई गैरत शेरकूं घर छोड़कर बन बन फिरे ॥
नहीं देख सकते हाथकूं वेरस करके दुखमें दुने।
तब हुवे शरमिन्दे कम्पल दरयावमें डूबन लगे ॥८॥
एक समय छप्पन कोड़ जादों नेमिजीके संग भये।
राजुलमतीके ब्याहनेको भूप जूनागढ़ गये ॥
इस भांति देख बरातकूं नृप उग्रजापकने लिये।
हर जातके पंछी पशु सब बन्दीखानेमें दिये ॥९॥
वे जानवर लखि नेमजीकूं शोरगुल करते भये।
आया रहम दूलाकूं तुरत कुछ बन्धुद वैरागी हुये ॥

धिक्कार है संसारकूं इस व्याहने कौतुग करे।
अब जांयगे मारे पशु यह कौन हत्या सिर धरे ॥१०॥
तोरनसे रथ फेरा तुरत दिया फेंक कंगना तोड़के।
गिरनार गिरपर तप करें मुक्तिसे नेहा जोड़के॥
यह खबर दुलहनने सुनी रोवे सरासर दुख भरी।
राजुलमती था नाम उनका सोग सागरमें पड़ी ॥११॥
रोवन लगी नगरी सभी पक्षी दरख्तोंसे उड़े।
घर घर गली कूंचे महल सब रोवते नजरां पड़े॥
सर सब्ज मण्डपके गिरद गुलशन चमन जो आरहा।
सुन खबर सब कुमला गये ज्यों कम्मल आतिशने दहा ॥१२
राजुलमतीका दुख निरख चौमासने आवन किया।
रो रो बुलन्द आवाजसे असमानसे पानी चुवा॥
पानी चुवा आसमानसे धरतीने छातीपर लिया।
सुन समझ चातरलोग उनका नाम नदियां धर दिया ॥१३
अब राग अरु वैराग्यका झगड़ाजु मैं वरनन करूं।
सुनयो सभाके लोग अब आषाढ़ होता है शुरूं॥
श्री नेमजी गिरनार पर लवलीन ठाढ़े तप करें।
राजुलमती नीचे खड़ी आवाजसे बिनती करें ॥१४॥

आषाढ़में राजुल पुकार—दोहा

हे स्वामी यह साढ़ है शुरू हुवा चौमास।
प्यास भूख सबकी गई हमें न दीजे त्रास॥

छन्द—यह आवरे जिसहो रही नदियां चली सबजो खिली।
बादल तड़क बिजली कड़क आसमानकी आंसू ढली॥
ढल ढल पड़े आंसू जिमिपर देख दुख धरती फटे।
दुख मेट विपत समेट प्रभु आषाढ़ यों कैसे कटे॥

नेमिनाथोत्तर-दोहा

किन गिनतीमें साढ़ है चला जमाना जाय।
तरुवर कीसी कूंपला इक आवे इक जाय॥

छन्द-राजुल सुनूं इस खलकका अव्वल अखीर न पाइये।
तकदीरकी जंजीरमेंसे निकलना अब चाहिये॥
यह ख्वाबकीसी जिंदगानी पाप नर्क निसानियां।
यह वक्त है तपकरनका आषाढ़ बीता जानियां।१॥

श्रावणमें राजुल पुकार-दोहा

सावन तीज सुहावनी, तो घर घर झूलें नार।
झूलेसे सूली भली, तुम बिन नेमि कुंवार॥

छन्द—तुम बिन पिया धड़के हिया छाती तपे जियराज ले।
जल बल बदन लागा तपन मेरी चश्मसे पानी चले॥
इक रैनके फटनेसे चकवा चकवी दोनूं दुख भरें।
बनजारे कीसी अगनि छोड़ी सिलगति अब क्या करें॥

नेमीनाथोत्तर-दोहा

राजुल ऐसी मत कहो, सहो करमकी रेख।
हमरा मेटा ना मिटे, जो विधनाके लेख॥

छन्द—जो लिख दिया तकदीरमें सुखदुःख सभी भुगतै बने।
देखे जगतके खेल सब आखिर मसर देते मरे॥
जैसे किसी दरयावके नजदीक पर दरखत खड़ा।
पलपलमें कटकट जड़ सभी दरयावने देखा पड़ा॥

भादोंमें राजुल पुकार-दोहा

भादों भरे तलाब सब, कंवल खिले जल बीच।
भंवर फिरे गुंजारते, एह मदनके बीच॥

छन्द—सींचें मदनके फिरे सोरें गुलोंका रस चाखने।
चकचक कन्हैया करे पीऊ पीऊ पपैया भाखने॥

बेदन हमारी तूतियां तूही तूही करती फिरे।
हुवा खतम भादों सनम् हम तुम बिन मरती फिरे ॥

नेमीनाथोत्तर-दोहा

कौन किसीकूं मारता, कौन जिलावन हार।
मरना सबकूं एक दिन, तो अपनी अपनी बार ॥

छन्द—मरना है सबकूं एक दिन जगमें सुथिर कोई नहीं।
तकदीरकी स्याही लगी सो अब तलक धोई नहीं ॥
नरकों पड़े दुःखड़े भरे अब याद आते हैं हमें।
जब तीर छुट जाय हाथसे थामो तो फिर कैसे थमें ॥

आसोजमें राजुल पुकारा-दोहा

अब असौजमें ज्यान यह, रही होट पर आय।
अटक रही तेरी आसमें, बिना हुकम नहीं जाय ॥

छन्द—यह ज्यान जाती फटे छाती हाय पिय कैसे करूं।
तुम मगन अपने हालमें इस उमरमें दुखमें भरूं ॥
मानिंद हिरनीके तडफती मोह हिरदेमें जगा।
मैं यह न जाने थी सनम दशवें जनम दोगे दगा ॥

नेमीनाथोत्तर-दोहा

लगा दाग उतरे नहीं, दगा दगे सब कोय।
बडो दगा जमराजको, तो ना जाने कब होय ॥

छन्द—जब कजा देगी दगा हमरा सगा कोई नहीं।
जिसमें रहूं मैं दम् व दम् आखिर मेरी होवे नहीं ॥
अब तोड घरगड अकलसे चढ़ाऊं भला आराम है।
अज झूंपडी जलने लगी कूवा चिनै किस काम है ॥

कार्तिकमें राजुल पुकारा-दोहा

कार्तिक घरघर रोशनी, रंग सुरंग मकान।
तुम बिनवे ऐसे लगे, तो जैसे होय मसान ॥

छन्द—जैसे मसान मकान मुझकूं लगे हैं मेरे पिया।
ज्यों फिरे घनकी आसमें चातक तडफ सूकाहिया ॥

अब लेख बर आवे सबर देके दरस मुझकूं जिवा।
दिखता नहिं संसारमें दुःखका शरीकी तुम बिवा॥

उत्तर दोहा।

धवीधरीकी सुखके, दुःखमें सगा न कोय।
लगे कालकी भाल जब, करे एकके दोय॥

छन्द—करनी है टुकडे बदनके शमसेर सिरपर कालकी।
खेंचे पड़ा जमराज दुश्मन दाव तकता मालकी॥
खतरा रहै हरदम हमें हरगिज नहीं टाला टले।
गालिब है दुश्मन ज्यानका गाहक कहो कैसे खले॥

मागशिरमें राजुलकी पुकार—दोहा

मागशिर मांग भरै सभी, तो मंगल गावे तार।
सोवे पतिके सेजपर, नये नये करे सिंगार॥

छन्द—करके सिंगार दिखावे पियाकूं देखकर होते खुशी।
मुख मोड़कर सोते पिया होके खफा नारी रुखी॥
यों पेश इशरत सब करे तुम दुःख भरो नेमि पिया।
फिर ही कभी तप कीजियो मागशिर नहीं तपनें लिया॥

उत्तर दोहा

इस उधारमें बावली, हमरा है नुकसान।
मोह मगनकी मूलमें, कजा हरेगी प्रान॥

छन्द—मारे है सबके मान इसने है बडी जालिम कजा।
तिहुंलोक मुलक फतै किया जगजीतके नाली भजा॥
है सूरमा बह जगतमें पकड़के देवे सजा।
पावेगा राज मुक्तिमें नरदेहका येही मजा॥

पोषमें राजुलकी पुकार-दोहा

पोष प्रेम तुम तजा, किया रंजका काम।
मुजे सरन तिहुं लोकमें, स्वामी तेरा नाम॥
छन्द-है नाम तेरा सब जगे जिस कदर जो तुमको भजे।
कोई कहे ठाकुर प्रभु शिवराम नाम सभी सजे॥
तू फील फिल फिलका इरादा सबतरा पुकारे।
भर आस मेरी यो हमें जो नाम विश्वंभर धरे॥

उत्तर दोहा

नाम नहीं इस जीवका, देखो सोच विचार।
सिरसैं लेकर पैर लग, ढूंढ हजारों बार॥
छन्द—अव्वल शिखा मुख नाक लब सारे गले सीना कमर।
पहदा बदन अरु जांघ घुटनोंमें कदम दिलका जवर॥
हैं नाम इतने बदनके, खुद नामकी नहीं है खबर।
ढूंढा जगत सिर मारके, अब हारके कीना सबर॥

माहमें राजुलकी पुकार-दोहा

माघ सरद गालिव हुवा, बरफजमें सब ठौर।
रहे दरशत जाडके, भगे रिषी तप छोडके॥
छन्द-भागे रिषी तप छोडके, लहुकते फिरें घर खोजते।
बाजे कहें तप क्या लिया, आई विपत सुख मौजते॥
कहीं हो रही रोशन अगन कहीं संगसे गलगल पड़े।
यह हाल विपति कमाल तुम नंगे बदन गिरपर खड़े॥

दोहा-जिस दिन हम पैदा हुये, नंगे बिना विलास।
जिस दिन यह जामा छूटा, रहै न कोई पास॥
छन्द—आवे न कोई काम मेरे, मैं अकेला हूँ सदा।
कहीं छेद भेद नरक परवस फिरा बोझ लदा॥

जो देखकर औरत पराई इश्कमें होवे मुदा।
दुर्गति पडे दुखडे भरे अठ कर्म फल भोगे तदा॥

फागुणमें पुकार राजुल–दोहा

फागुण होरी कासमें, घर घर कुंकुम रंग।
तुमने रंग सुरंगसे, कर लिया रंग कुरंग॥

छन्द—कर लिया रंग कुरंग प्यारे सोच दिलमें क्या करी।
सुन शोर सब है वानुका बयावन वनमें दीक्षा धरी॥
तज दिये छप्पन कोडी जादौं और पलि मद्दर हरी।
अब दोष किसकूं दीजिये मैं आन तेरे बस परी॥

उत्तर दोहा

सब बसमें तकदीरके, जिनकी जीवन जात।
चौरासी लख जोनिमें, तनहा कोई न साथ॥

छन्द—जावे न कोई साथ मेरे, जब गया आदम निकल।
मादर पिदर फरजिन्द सब अफसोसनें होंगे विकल॥
पिछले करम ईंधन जलाकर मोहकी फूंकू सकल।
फिर जगतमें आऊं नहीं, मुक्तिके सुख भोगूं अटल॥

चैत्रमें पुकार राजुलकी–दोहा
चैत महीना मद चढ़े बढ़े इश्ककी बेल।
फली कली फली भौंरे फिरें जोबन करें कलेल॥

छन्द—जोबन चढ़ा वन देखूं हर तरफ सब जंगल हुआ।
कहीं नाचते हैं मोर मैना मधुबन देवे दुवा॥
हो सनम मत कर फन्द मैंने तुम्हारा क्या किया।
तनके मरज इश्क रगने तुम बिन मेरा क्यानक किया॥

उत्तर-दोहा

धरम बिन ल्यानत जिया, मनुष जनम दुशवार।
कुल धन जोबन कामनी, मिले न अछे यार॥

छन्द—अब सब मिले हमकूं, भले देखे मजे हमने अजब।
मरते बखत बैठे रहैं यह है बड़ा भारी गजब॥
जब मर गये तब यों कहैं, फूंकले तो भोजन खाय सब।
यह जान छोड़े यार मैं लागा इश्क मुक्तिसे अब॥

वैशाख मासमें पुकार राजुल-दोहा

लगते मास वैशाखके, मुक्ति भली या नाथ।
यह सौ कण मेरी आंखमें, खटकत है दिनरात॥

हरिगीता छन्द

हमकूं कहां सुख कन्थ सौ कण मुकतिने जादू किया।
तुम लगे उसके इश्कमें, हमकूं दुहागन कर दिया॥
तुमसे अगर पहली मिलूं मुख पीटकर फाड़ू हिया।
ज्यों फेर घर खोवे नहीं भुगते तुरत अपना लिया॥

जवाब श्री नेमिनाथजीका-दोहा

अपनी करनी आप ही भुगती बहुता बार।
जो जो दुःख संसारमें, कहन न पाऊं पार॥

हरिगीता छन्द

पावे न दुखका पार जगमें, कालचक्र महाबली।
षटखण्डके चक्री मरे बासीश रघुपति हरि बली॥
जब मर गये ऐसे पुरुष मेरी तुमारी क्या चली।
अब त्या सबर तू दुःखन कर आई घड़ी सुखकी भली॥

ज्येष्टमें राजुलकी पुकार-दोहा

जेठ धूप अति सैपड़े, सूके सरवर नीर।
बिमी तपें लूवां चलें, लगें अगनके तीर॥

छन्द—लागें अगनके तीर तेरा तन बदन कोमल कली।
पड गये छाले पैर में सूका बदन रौनक टली॥
हो सजन मत कर तजन देके दरस मुझकूं छली।
विधिना लिखी सो होचुकी अब काढ पिया सुखकी गली॥

नेमिनाथोत्तर—दोहा

गली भली जिन धर्ममें, हैयां चौंपद सार।
इस बिन मुक्ति न पाईये, जपो मन्त्र नवकार॥

छन्द—पावै जगतका पार वोही समझ कारज करें, यह सुन सजनका बचन राजुल सोच यों मनमें धरें। कीजे जतन तजिये वतन यह नर तनना हक चला, जावोरी सखी मत हो दुखी रहियो सुखी सजनी भला॥१॥ माता पिता दुःख मत करो तुमने जनम मुझकूं दिया, करमोंका साथी कौन है उत्तम छिमां सबसें किया। सब तोड गेरे हार कंगन शिव तिलक मोतीलडी, यह हाल दुलहनका निरख गश खाय माता पडी॥१४॥ रोवैं सुहेली संघ के हाहाकार करें दुखमें भरी, गुलशन चमन कुमला गये राजुल मती दीक्षा धरी। इस भांति राजुल नेमके संग होवै रागन बन बसी। कुर्बान उसके शीलकूं कीनी नहीं जगतमें हंसी॥१५॥


अब सुनो सब नरनार फल अंजाम इसका यह हुआ।
प्रभु नेमि पहुंचे मुक्तिमें राजुल सुरग अच्युत लिया॥
अब सुरगसे लेगी जनम होके पुरुष फिर तप करै।
धर ध्यान परम कृपान पूरण ब्रह्मकी पदवी धरै॥१६॥
है वतन दिल्लीके बने जमना किनारे न्यादरा।
मधमें रहै भूधर यती कर नेमर जैनीका घरा॥

उसने मुझे फर जिदकेमां निज खुद चेला करा करके।
रहम बक साफ हम मेरा नाम नैनानन्द भरा ॥१७॥
मैने जुबा रह मास राजुल नेमिका वर्णन किया।
क्यों ले चले चंदी कुणक मानोंकि लाभ समें किया॥
यह साल अब दर हाल है उन्नीससे सोला सही।
वैशाख लगते अष्टमी मनकी गरज पूरी हुई॥१८॥

दोहा—नगर साग पतमें बसे सेठ सुखादीराम।
तिनके सुत सुन्दर भयो सुगनचन्द गुण धाम॥१९॥
तिनके प्राण नतें अधिक प्यारो सुत गुणवंत।
धरो नाम पण्डित जना चन्दनलाल सुसंत॥२०॥
तासु हेत पुस्तक लिखी नैनानन्द सुधार।
श्री जिनेश गुण गाइयो भक्ति सहित नर नार॥२१॥

इतिश्री नेमिराजमती सतीका बारह मासा एर्दवाल्य अवस्थाका बनाया हुवा सम्पूर्णम्॥

इति सप्तविंशोऽध्याय समाप्तम्॥



# अध्याय अठावीसवां

ॐ नमः सिद्धेभ्यः ॥

अथ—यति नयनानन्द कवि कृत द्वादशानुप्रेक्षा भाषा लिख्यते तत्रादौ सूचना वचनिका ॥

प्रगट हो कि इस रचनामें छह भावनाओंका स्वरूप दरसा बना था, और वे प्रत्येक भावनाओंके प्रबन्ध बड़े बड़े हैं और सभाओंमें बतौर शास्त्रोपदेशके वांचनेका है और सामायक प्रतिक्रमणके तौरपर भव्य जीवोंके कल्याणार्थ नित्य ही स्मरण चिन्तन करनेके योग्य हैं। सो प्रत्येक भावनाकूं संवत मितिकी साथ पूरी करते चले गये हैं। सबको एक ही काल पढ़नेकी आवश्यकता नहीं है। पढ़नेवालोंकी इच्छा है चाहें जौनसी भावनाकूं याद करो पढ़ो पढ़ावो बहुत कहने करि कहा। यह द्वादशानुप्रेक्षा क्या है द्वादशांग शास्त्रका सार है। कोई महान पुरुष ही इस अमृतको पीवेंगे। तस्मात् पिछली षट भावना चौपाई बन्ध छन्द दोहे बन्ध रचा है।

अन्तमें धर्म भावना फिर खयाल बन्ध रचा है, सो सर्व ही निज निज विषयकूं लिये तत्वामृत दर्पण नेपमाला तुल्य हैं। चाहिये कि साधर्मीजन इनकूं आदर पूर्वक पढें और सुने सुनावें स्वपर उपकार करें। लिखें लिखावें जहां तहां नकल कराय फैलाय देंगे तो कवि तुल्य पुण्यके भागी होंगे। इति ॥

आगे कथन रत्नकरण्ड श्रावकाचारके अनुसार है—

ॐ नमः सिद्धेभ्यः। नाम स्थापना द्रव्यभावतस्तन्न्यासः।

इस आज्ञा सूत्रानुसार कथितार्थ विकल्प करता कि किसी पदार्थका नाम धरना चाहिये पीछे उसका विचार

करेंगे। तस्मात् भावना भावनके योग्य पदार्थोंका नाम करनेकूं मंगलाचरण पूर्वक भूमिका बांधे हैं तिसमें लोक मूलकी नाम स्थापना करे हैं तिसमें एक दोहा कहा एक चौपई कहि कहिकर एक एक चौक ख्यालनम मरहटीका है ऐसे च्यार चौक लोक मूलकी स्थापनामें भूमिका कहे हैं।

अथ मंगलाचरण दोहा

सदा सत्यवक्ता नमूं, वस्तु प्रकाशन हार।
कहूं भावना द्वादशी, द्वादशांगको सार ॥१॥

चौपई—आगम रतनकरण्ड संभारा, तो मणि मिले परम उपगारा। सोहम चुन चुन माल बनाई, पहरो सकल भव्य सुखदाई ॥ २॥

ख्याल मरहटी लंगडी—भरम्यों मैं चिरकाल जगतमें निज अनुभूति न पहचानी बिना भावना। भई पर ममता मुजको दुखदानी ॥टेक॥

अहो कौनमें कौन ये पुद्गल कौन जगतका कर्तारा, जड़ चेतनमें परस्पर किसने यह झगडा ॥१॥ यह विभ्रमथा वर्तमान सो आप्त देवने निर्वारा, जिन प्रवचनमें कह्या है स्वयं सिद्ध सब संसारा ॥२॥ यह यह जगत अजन्मा ∶ विचल सदा सिंधुकी ज्यों धारा, यहैं अखण्डित जनम अरु मरण है यां बारंबारा ॥३॥ उठे लहर लय होय सिंधुमें सिंधु सदा थिरज्यों प्रानी बिना भावना भई पर ममता मुजको दुःखदानी ॥४॥ भरम्यों मैं चिरकाल जगतमें निज अनुभूति न पहचानी, बिना भावना भई पर ममता० ॥२॥

चौक दूजा दोहा

मिथ्या व्रत जोगते भये विपर्यय भाव।

चौपाई—ज्यों थिरमूढ धतूरा खावे होय दरब कछु कनक बनावे, त्यों हम मोह विकस भये बौरा, सरधी जगथिति और हि औरा ॥२॥

ख्याल मरहटी लंगडी—षटदर्व्व भरपूर सदा हीन नहि कोई कर्ताहर्तारा, सत असत्य ज्यूं करक हैं दो त्यों ए षट न्यारा ॥१॥ व्यय उत्पत्ति ध्रौव्य गुण युक्तं सत् लक्षण सम्राधारा, तदपि अमिल हैं। जातिगुण दरव छहोंका है न्यारा ॥२॥ धर्म अधर्म गगन अरु काल जीवरु पुद्गल विस्तारा, किससे उपजे कौन हैं किसका को है कि रखारा ॥३॥ मैं चेतन जड़ पांच अजी हैं सत्य जिनेश्वरकी वानी बिना भावना। भई ममता मुझको दुःखदानी ॥ भरम्यो० ॥ ४ ॥

झोंक तीजा दोहा

सुख दुःख वेदे आतमा, पंच अनागत भाव।
इनको कछु अटक्यो नहीं, अटकी हमरी नाव ॥१॥

चौपई—फंस रहे हम दलदलके मांही, जग जंजाल दूर टकी नाहीं। जबलगमें इन मांहि बसा हूँ तबलग संसारी कहलाऊं ॥ २ ॥

ख्याल लंगडी मरहटी—जन्म व रक्त नहिं लोक नहीं है खटका है खटपट सारा, हो रहे आकुल आतमा अनन्त नहिं वारंवारा ॥१॥ क्रोध मान छल लोभ कर्ममें पडे नहीं कछु आधारा। क्यों कर निकसू होय अब क्यों कर मेरा निरतारा ॥२॥ जिस मारग अरहन्त गये शिवद्वीप स्वपरका रज सारा। सज गये मोहन उसीमें चढ़ूं तो होगा उद्धारा ॥३॥ मैं मोहन मोहनीयां मुरले मैं सतरैया सुखदानी, बिना भावना भई पर ममता मुझको है दुःखदानी । भरम्यो मैं० ॥४॥

चौथा चौक दोहा

दूये कोडो वकवन, बीत्यों काल अनादि।
नहि चेतूं तो फिर फसूं, और संकल्पकवाद ॥१॥

चौपई—वीतराग सर्वज्ञ बताया, पंच प्रोहण सोहम पाया। तातों में अपनी ग्रेप चढाऊं, क्यों नहि परम अरम अरथ फल पाऊं ॥२॥

ख्याल लंगडी मरहटी—धर्मध्यान संस्थान विचेमें आ मेरे चेतन प्यारा, घर ले समता अरे मत फिरे तूं अब मारा-मारा ॥३॥ पंच परावर्तन ते कीने करकर जनम मरन हारा। कारागृहमें सिह हो पड़े तो कारज सारा ॥४॥ प्रगटो पल चेतो अब वीर नय ही सुगुरुने उचारा, वस्तु विचारो तो भावो परम भावना अब चारा ॥५॥ कहे नैनसुखदास जगतमें स्वाक भक्तरीमें छानी, बिना भावना भई पर ममता मुझको दुःखदानी ॥ मरम्यो० ॥६॥

अथ प्रथम अनित्यानु भावना दोहा

माता है वैराग्यकी, सब जीवन हितकार।
परमारथ पथ दीपका, नमूं भावना सार ॥१॥

चौपई—प्रथम अनित्य भावना भाऊं, सकल सृष्टिसे दृष्टि हटाऊं। चहुं गतिमें यह जगत अखाडा, क्षिण भंगुर है धुंध पसारा ॥२॥

चाल झडी बन्ध बारह मासे रुकमणीजीकी, चौक पहला। यह झडी हर जगह चौकके अन्तमें आवेगी।

अजि मैं चेतन चिद्रुप सदानन्द रूप जगत दुःखकूं यह मैं क्या करना, अब लिया सिद्ध परमेष्टि तुमारा शरना ॥टेक॥
सुन जीव अरे जडमती भ्रम्या चहूं गती रंक भूपती सबमें हलचल है। यहां सुरनर नारक तिर्यगमें कलकल है ॥१॥

भन जोबन विखें दांत क्यों घिसें हाडकूं चसे तालवा फाटे तूं क्यों भ्रम भारथ हेत रचा नखा चाटे ॥८॥

झर्वटे—सब सगे संगाती प्यारे, हो आंयगे तुमसे न्यारे। ज्यों सूके तरवर डारे, उड जाय पन्छी रव्ब चारे।

झडी—ज्यों विना नीर सुनबीर न आवे तीर पक्षूबट गीर तजे सबने हा, बिन स्वारथ पूछे कौन थके जब देहा ॥१॥ है नदीनाव संजोग कुटुम्बके लोग करमके योगसे हो रहे भेले, दिन दोयकके मेहमान हैं फिर अकेले ॥२॥

झर्वटे—निज निज करनी अनुसारे, चहुँ गतिके पन्थ सिधारे। सब थक रहे थाभन हारे, पर हो गये हमसे न्यारे ॥ ३ ॥

झडी—माटीमें मिलेगी देह होयगी खेह इसीके नेह पडा दुख भरना। अब लिया सिद्ध परमेष्टि तुम्हारा शरना ॥१॥ अजि मैं चेतन चिद्रुप सदानन्द रूप जगत दुख कूप हमें क्या करना। अब लिया सिद्ध परमेष्टि तुमारा शरना ॥२॥

चौक दूजा झडी—अरे जीव उदय हों कष्ट भोग हों नष्ट इन्द्रिया भ्रष्ट बिखर जब जावें। होंगे अनन्त परमाणु पता नहि पावे। १॥ कोई देगा जमीमें दाब कोई ले चाब रहै नहि ताब जु फेर जिलावे। नहि इन्द्रचन्द्र धरणेन्द्रकी पार बसावे॥

झर्वटे—क्या कोट किले रखवारे, क्या मातपिता क्या प्यारे। सब यन्त्रमन्त्र करि हारे, वेदों सिर दे मारे।

झडी—हों नष्ट धाम अरु गाम पड़े रहैं दाम रहे नहि नाम सब जावै। तब जाति पांति कुल गोतकी खबरि न पावै ॥३॥ सब मिटें अंक अरु बंक तथा आतंक नहि कछु शंक रोवते दीखें। संपतिमें गावें गीत बिपतमें सीखें ॥४॥

छवैट—किस किसकी कहूँ कहानी, है जगद्‌जुदा-जुदा पानी। इसकी ममता दुख दानी, पत्थरकी नाव समानी।

झड़ी—कहै नैनानन्द मुन शार तू ये बिरकार सकल संसार अनित्य समरना। अब लिया सिद्ध परमेष्टि तुमारा शरना ॥६॥ अजि मैं चेतन चिद्‌रूप सदा नन्दरूप जगत दुख कूप हमें क्या करना। अब लिया सिद्ध परमेष्टि तुमारा शरना ॥७॥

अथ तृतिय अशरणानुप्रेक्षा लिख्यते।

दोहा—दर्शन ज्ञान चरित्र तप, तथा धरम दश सार।
 हे संसारी ले शरण, करो शुद्ध व्यवहार ॥१॥

चौपाई—सम्यक उत्तम पद अनुसार, लीजे शरण शुद्ध व्यवहार। निश्चै आतमशरण है शरण, इनसे इतर शरण नहिं चरणा ॥२॥

दोहा—वरण अशरण भावना, परमागम अनुसार।
 जा कूं भा भगवन भये, जगत जलधिसें पार ॥३॥

झड़ी—हे आतम तजि पर आश न हो पर दास तू शक्ति प्रकाश क्यों निज पति खोई। तू है अशरण त्रिभुवनमें शरण न कोई ॥४॥ तू खट तन घर घर मरा ढूंढ़ता फिरा किहै कोई धरा सकल दुख दानी। भवमें वसि करि सब करल्यूं मनकी मानी ॥५॥

कवैट—नहिं भये मनोरथ पूरे सब रह गये काम अधूरे।
 इन्द्रादि धनुर्द्धर सूरे, जमराजने आ चकचूरे ॥६॥

झड़ी—भये तीर्थंकर केवली तिनकी नहिं चली मौत नहिं टली तो अब क्या करिये। जिस पन्थ चले भगवन्त वही आचरये ॥७॥ सब तजिके मरणामर्ण धर्मकी शर्णसे वश करि कर्ण कुमर्ण मिटाले। करि संवर सम्यक मर्णसे बन्ध छुटाले ॥८॥

झर्वटें—कर अशुभ निर्जरा सारी चल शुभ प्रवृत्ति अनुसारी।
शुभ अशुभको तज इकवारी, हो शुद्ध वरो शिवनारी ॥९॥

झडी—मैं अतुल चतुष्टयवान कहाँ भगवान किया नहि ज्ञान हुवा नहि तरना। अब लिया सिद्ध परमेष्टि तुमारा शरना ॥१०॥ अजि मैं चेतन चिद्रूप चिदानन्द रूप जगत दुख कूप हमें क्या करना ॥अब लिया०॥

अथ संसार स्वरूप तद्जन्य दुःख चितवन तृतीय भावना कथन।

दोहा—करत चतुर्गतिमें भ्रमण, बीत्यो काल अनन्त।
सो संसार विचार करि, करिये शुद्ध अगंत ॥१॥

चौपाई—रे मनमूढ विकल ना भरी, समझावें तो हि गुरु उपगारी। किये शुभाशुभ कारज सारे स्वपर स्वरूप लख्यो नहि प्यारे ॥२॥

दोहा—काल अनादि निगोद वशि, निकस भ्रम्यों जगजाल।
सो बच्छिष्ट अनन्तभव, मत भखि मूढ़ उगाल ॥३॥

झडी—मैं उगली नित्य निगोद उदय उपयोग स्वबलके योग उछल जग आया, करि करि भावाश्रव चहुँगतिमें दुख पाया। कभि प्रथिवीको धर देह कभी भया मेह जगतकी खेहमें सडपड सूका, हो अग्नि जलाये जन्तु जगतकूं फूंका॥

झर्वटें—हो पवन फिरा भन्नाता, दुनियामें खाक उडाता।
पथरोंमें शिर टकराता, अन्दरमें शोर मचाता॥

झडी—कभी भयावनास्पति स्थूल सधारन फूल कन्द कर मूल साग अरुपता, कभी कली फली भया गलित कालमें छता। कभि कृमि पिपील भृंगार कभी भया स्यार कभी उंगाड कभी भया भैंसा, हो खरखरा इरवायें कमठ जनम पाया जैसा॥

झर्वटें—हो सैनी अंकुश खाये, चला चिस विध चिसने चलाये।
अमनस्कनमें दुख पाये, जिन आज्ञा वीर बताये॥

छडी—लिया जन्म हीन कुल नीच करम किये नीच भूपने खींच खींच गए डारे, कभी हुवा असुर महानीच नारकी मारे। मैं खटकाया मैं रूंध्या टांकियो लुचाऊंच्या अरु मुंधा खिच्या नेपनमें, मैं तपि तपाय छिति पिठिके मिच्या पेचनमें॥

झवटें—मैं अपल अनन्त चलाये, जल थल वन घन भ्रचलाये।
अरु वैतरणीमें न्हाये, मलमूत्रमें गोते खाये॥

छडी—मुझे दिया किसीने छोंक किसीने चोंक किसीने झोंक भाडमें टेल्या, मुझे चीर विदार सुधारि तल्या अरु पेल्या। कसके संग फसिके कल्या पन्थमें पिस्या मधुमें फंस्या लया फिरया घनमें, हित अनहित देव धरम न पिछाने मनमें॥

झवटें—भया अन्ध पंगु अरु लुंजा, भया गुंगबधिर अरु खंजा।
भया नारि नपुंसक वंझा, ज्ञानजनि दरु न कटा गंजा॥

छडी—मैं परसम्पति लखि झुरया कुगतिमें परचा इता कुछ रल्या न ठीक ठिकाना, धारी अनन्त पर्याय भरे दुख नाना। धिग धिग संसार असार जहां गति च्यार अनन्तीवार पडा दुख भरना, अब लिया सिद्ध परमेष्टि तुमारा शरणा॥३॥

अथ जीव सदीव अकेला है। ऐसी एकत्व दशा चितवन हेतोः।

चौथी एकत्वभावना लिख्यते।

दोहा—भाले चौथी भावना, अरे जीव एकत्व।
मत थापै बहु वस्तुमें, तू अपना वहबत्व॥१॥

चौपई—जनमत जीव अकेलो हि आवै, मरत शरीर पड्यो मुख बावं; सब सम्पत जाय अकेला, बिछुर नाय सब बन्धव मेला॥२॥

दोहा—तीन लोक तिऊं कालमें, ज्ञान दृष्टि कर जोय।
धर्म संगाती जीवका, और न साथी कोय॥३॥

झड़ी—अरे इक इक भव मंझार, अनन्तो बार किये सब च्यार अठारा नाते। तैं लिया दिया किया सब कुछ पार बसाते॥ जब मरन किसीका आया तू पचि पचि धाया तेरी सब माया काम नहीं आई। तुमरा तो झांकः किसकी पार बसाई॥

कर्वटें—जब सुगति कुगति जा भोगी, भया इष्ट अनिष्ट संयोगी।
कांप ऊंचा कौन नियोगी, तेरे बदले विपता भोगी॥

झड़ी—तू दुर्गतिमें जा पड्या, सागरों सड्या मिल्या जिन घड्या महा दुःख दीने। तहां बचन अगोचर दुःख सहे इस जीने, तेरे सप्त व्यसनके यार जु करते प्यार नरकमें डार, पकर गये रस्ता। सब भज गये मोर वजीर बांधकरि बस्ता॥

सर्वटें—कोई पास वकील न आया, जिनकू मत कानून सिखाया।
तैं पराधीन दुख पाया, नहीं किनहुँ आन छुड़ाया॥

झड़ी—तेरे गये कटक सब सटक माल गये गटक रहे तुम अटक कठिन भया तरना। अब लिया सिद्ध परमेष्ठी तुमारा शरना॥ अजि मैं चेतन चि० ॥४॥

अथ जीव सबतैं अन्य सब पदार्थ जीवतैं अन्य ऐसा परत्व अपरत्व विचार करनेकूं अन्यत्व नाम पांचवीं भावना लिख्यते—

दोहा—निजतैं अन्य विचार सब, सबतैं अन्य निजरूप।
भाय भावना पंचमी, अरे जीव अन्यरूप॥१॥

चौपाई—ज्यों तिल तेल घी व दधि केरा, वहि थंग इक क्षेत्र बसेरा। यद्यपि एकमेक प्रतिभासे, तदपि जतन करि सुबुधि निकासे॥२॥

दोहा—त्यों जड़ चेतन पर परखि, सुरस निकस भये भिन्न।
ते शिव जाय बसा गये, औरन अन्य अब अन्य॥३॥

छडी—इत परमें आप गिनें करें जिन मनं न कर्ता बनें अरे मन भाई। कर्ता अरु कर्मका किया नरक ले जाई॥ तुम त्रिविध कर्मसे भिन्न सघन तैं अन्य उपाय न अन्य भावना भा लो, तजि सब परतत्व अतत्त्वमें पिंड छुड़ालयो ॥३॥

झर्रांटे—अब सुन ले इसको भाया, मैं कहूं अर्थ सुखदाया।
तैं जिस तनमें किया वास, यह जड़ चेतन आसा॥

छडी—जो अन्य वस्तुको बात कहा सुन भ्रात जगत विख्यात पराई भाया, क्यों मेरी मेरी करें किसने वह-काया। अरे कभो तूं हिंसा करे असत् उचरे तू परधन हरे छले परनारी, क्यों बांधे पोट परिग्रह पापाचारी॥

झरांटे—यदि कहै तू जग मेरा, कहूँ क्या स्वरूप है तेरा।
यदि कहै मुझे नहीं चेरा, तौ है तेरे रविमें अन्धेरा॥

छडी—जो है उभरनका चाव, परत्व हटाव स्वभावमें आव; निजतत्त्व सुमरना, अब लिया सिद्ध परमेष्ठी तुमारा शरणा ॥४॥

अथ शरीर अपवित्र है इसके संग कर आत्म अपवित्र हो रहे हैं ऐसे शरीरका ममत्व छुडावनेकूं अशुच्यानुप्रेक्षा नाम छठी भावना प्रारम्भ।

दोहा—अशुचि अंगके संग करि, अशुचि भये असाम।
सो अशुच्यता सोधिये, ज्यों सोधो भगवान ॥१॥

चौपाई—रे बहि रात मघरमें आज, निजमांहि समाजा।
परमातम गुण असल चितारो, फिर स्वातमकी नकल उतारो ॥२॥

दोहा—सोधत सोधत आतमा, हो परमातम अरहन्त रूप।
शुद्ध होय जगजाल ते, निकस होय शिव भूप ॥३॥

छडी—हैं परमातम अरहन्त सिद्ध भगवन्त परम अकलंक सकल निष्कल दो, द्रव्यार्थिक नय करि तद्वत् निज लखि

इक। जो दुर्ध्यानकी तज दे विकल, अगर है नकल असल अरु नकलको दिलमें रचा ले। सांचेमें भर सांचेसे जांच जचा ले॥

झर्वट—अब बात घनी मत खो दो, तुम इन्द्रि पांच निरोधो।
पट मास हृदयमें सोधो, हाँ निश्चे प्रापति दो दो॥५॥

झडी—तू कर ले आप सरूप सेवा शिव भूपसे आतम रूपके गुण संथपण, हो निश्चे परमातम आतमका दर्शन। है समयसारमें साख तू निश्चे राख कहे कोई लाख अरे जगवासी. कहें कुन्दकुन्द हो जा पट मास उदासी॥

झर्वट—बिन ज्ञान ध्यान तन तेरा. है चंडालनका डेरा।
जिसने भीतरसे हेरा, उन्ह थू थू कर मुंह फेरा॥

झडी—मलमूत मासका घडा रातदिन सडा तुझे नित पडा उठा करना, अब लिया सिद्ध परमेष्टि तुमारा शरणा॥६॥

अथ कर्माश्रवके कारणोंका मूल कारण मिथ्याभाव है और मिथ्याभावके घातक प्रगट दोष पचीस और सात प्रकृति हैं तिनका विचार करनेकूं आश्रव नाम भावना सतमी लिख्यते।

दोहा—भाऊं आश्रव भावना, जो भावें भगवान।
सो भावो अज्ञान तजि, ज्यों पावो विज्ञान॥१॥
जहां त्रियोगकी चपलता, तहां शुभाशुभ होय।
कर्मनका आस्रव है, बन्ध बढ़ावे सोय॥२॥
जिन कारन जारी रहै, कर्माश्रवको स्रोत।
तिनको कारण मूल है, मिथ्या भाव उद्योत॥३॥

चौपाई—वस्तु दोय मुख्य एक हमारा, मिथ्या भाव र आश्रव प्यारा। द्रव्यार्थिक नय करि जड जाती, दोऊ हैं चेतनके छाती॥४॥ युगपत ही उतपति जिन गाई, वचन द्वार वरनें नहि जाई। क्रमवर्ती है वचन हमारा, छद्मस्थ


श्री महावीर दि० जैन वाचनालय
श्री महावीर जी (राज.)

जिन गोचर प्यारा ॥५॥ तिनको मनन करे मुनि ध्यानी,
सो आश्रव भावना बखानी । भावें मुनि आगम अनुकूला,
त्यों तू भाव फिरे मत भूला ॥६॥

दोहा—भावनमें चितवन करो, आश्रव मूल मिथ्यात ।
　　मिथ्या पोषक भाव फिर, दूंढ तजो इक साथ ॥७॥

ख्याल रंगत लंगड़ी ।

लब्धिसार अनुसार अरे, मन बात मेरी सुनना चाहिये ।
मिथ्या पोषक दोष हैं, पच्चिससो सुनना चाहिये ॥टेक॥
सम्यकके हैं शत्रु मूढ त्रिक, तजि वसु मद निर्मद विचारो ।
शंकादि कमल, आठ तज खट अनायतनमें नचरो ॥१॥
तीन प्रकृति दर्शन मोहनिकी, मिथ्या तन हैं तिनसे डरो ।
करे मिथ्याती, बिगाड़ें शुद्ध दृष्टि सो वे गहरो ॥२॥
पहली है मिथ्यात दूसरी सम्यक मिथ्या तन उचरो ।
तथा तीसरी, कही सम्यक महामलकी पद रो ॥३॥
पुनि चतुष्क चारित्र मोहकी, अनन्तानुबन्धी चतुरो ।
क्रोध मान छल लोभ अरु विन्नकरणहारी है नरो ॥४॥
दोष पचीस लगा इनके, संग प्रथम नाक सबकी कतरो ।
मूंडि मूंडिके, चढ़ा यो खरपे कुछ संसै न करो ॥५॥
काला मुख इनका करके जगत निकला ध्यान धरो ।
उपसम सम्यक, तथा क्षम उपशम क्षायक पन्थ परो ॥६॥
अरे जीव मिथ्याभाव अब तज निज गुन चुनना चहिये ।
मिथ्यापोषक, दोष है पचिससो सुनना चहिये ॥७॥
लब्धिसार अनुसार अरे मन बात मेरी सुनना चहिये ।
मिथ्यापोषक, दोष हैं पंचिससो सुनना चहिये ॥८॥ इति ।

श्री आश्रवनाम सातमी भावना समाप्तम् ॥७॥

अथ कर्माश्रवके रोकनेका उपायरूप संवरनामा अष्टमी भावना लिख्यते ।

दोहा—अब सुनि अष्टम भावना, संवर धर्म निधान।
झाकरि आश्रव स्रोतमें, ठोको दृढ समान ॥१॥

चौपाई—अरे जीव करि अशुभ निवृत्ति फिर तू करि शुभ मांहि प्रवृत्ति। फेर शुभाशुभ कर्म निकरो, सो संवर भगवान उचारयौ ॥२॥

दोहा - तहां भाव ऐसे धरो, कर्म वेदनी जन्य।
पुन्य पाप दो पुत्र है, मैं अन्यछ ए अन्य ॥३॥

चौपाई—मैं पर सुत निज सुत सम पोखे, इन दुष्टन मोहि दिये बहु धोखे। करि करि पाप एकठो पाल्या, तिन मोहि अटक बन्धमें डाल्या। ४। सागरान जल थल निपारयौ, नाना भांति कष्ट दे मारयौ। ताडन तापन सूल दिखाए। छेदिभेदि दुर्वचन सुनाए ॥५॥

वचन अगोचर उन दुख दीने, परवश रोय रहे पग छीने। च्यार लाख गति नर्क मंझारा, भुगताई जब तब बहुवारा ॥६॥ फेर मोहवशमें उर लायो, इन मोहि पशुगतिमें पटक्यों। बासठि लाख कुगति दिखलाई खाई पाप कपूत कमाई ॥७॥ थिति पूरि करि जब तब आयौ, पुन्य सपूत जानि हरषायौ। तिन चौदह लख मनु गति मूंक्यौ. दे दे दुख नानाविधि फूंक्यौ ॥८॥ अन्ध पंगु संज्ञादिक आशा, गूंगा बधिर रहि सपरस नाशा। दालिद्रदन करि दीना. इष्ट अनिष्ट मिलाप सु कीना ॥९॥ सप्त विसनकरि कियौ कलंकी, नारि नपुंसक अधम अशंकी। जोगीभोगी मूरख ग्यानी, रावरंक सेवक अभिमानी ॥१०॥

जपीतपी दाता जगनामी, कुगुरु कुदेव कुमत अनुरागी। अन्तम ग्रीवक लौ पहुँचायौ, लोन अधिक दुख दे ठहरायौ ॥११॥

बार अनन्त अनन्त घनेरे, च्यार आम सुरगतिके फेरे। करवारा चण्डाल मझाके, गिनूं कहां लग तिनके आके ॥१२॥ चौरासीलख ग्यौं न मनहारा, दोनों मिल संकटमें डारा। पंच परावर्तन करवारा, हा हा कर्म बना चनचारा ॥१३॥ बिना दोष हमकूं दुख दीन्यौं, कहो हम इनको का छीन्यौं। सुख नाश हग खीन्र गुंहण, निःय निगोद पडकि दुख धारा ॥१४।

दोहा—अति अबध्यकूं बध कियौ, बिना दोष दुख कीन।
हा हा ए विधिनि दई, हतें दृठि करि दीन ॥१५॥

चौपाई—मैं बालक पागनल परमादी, अपर्याप्त लघु जनम अनादी। द्रव्य करम पड जनम बिघारा, अति अशक्त था जन हमारा ॥१६॥

अथ जीव निज स्वभाव वर्णन प्रारम्भ।

प्रति स्वास जनम तारा धराय, जो विपति सही कछु कहि न जाय। अक्षर सु भाव यो मोर पास, दुख सह्यौ तदपि न भयौ विनास ॥१७॥ अक्षरको अक्षः अर्थ जान, है नाम भेद पर सक मान। है जीवतत्व अक्षर अनूप, सो चेतन केवल ज्ञानरूप परिपूरण अक्षय लब्धिवान ॥१८॥ सो तो अर्हतरु सिद्ध जान, क्षयरूप सकल संसार जीव। सब जन्तु रहे फंसि कर्म कीच ॥१९॥ लगि रहे घातिया कर्म साथ, तिन कीनों चेतन ज्ञान घात। सबते लघु ज्ञान दशा हमार, कछु कियो न कर्मनको बिगार ॥२०॥ जिसके सुभाव जो होय मीत, सो नष्ट होय नहि जगत रीत। मोहि काललब्धि दीनों उछार, उपयोगी लक्षणके अधार ॥२१॥

अथ द्रव्यकर्म दोष चितवन भाव कर्मनों कर्मबन्धनमें डार आश्रव उपजाना।

चौपाई—आय पर्यो व्यवहार मझारे, इष्ट अनिष्ट पदार्थ निहारे। जो नौ कर्म कहे जिनवाणी, तिने देखि भये भाव अज्ञानी ॥२२॥ सो सब भाव कर्म कहलाए, इन तीनो सुभ असुभ कराए। तातें पुन्य पाप किये भारी, तिन तें भए दो आश्रव जारी ॥२३॥

दोहा—यदपि शुभा सुभ मन वचन काय जोग परजाय।
मैं लीजयों मिथ्यात वश, आश्रव द्वार बनाय ॥२४॥

चौपई—तदपि जुगल वेदनीके आए, इन दुष्टन आश्रव करवाए। तातें आश्रव आड लगाऊं, संवरकी द्रिढ डाट अराऊं ॥२५॥ तोए कर्म रुके दुःखदाता। धर चारित्र लहूं सुखसातामें चेतन ए जड अघकारी, मेरी इनकी कईसी यारी ॥२६॥ सिद्ध समान सरूप हमारा, नौकार अक्षर अनुसारा। मैं आनन्द मूर्ति नित ज्ञानीए आकुलता सहित अज्ञानी ॥२७॥ मैं तो अजर अमर पदधारी, एज्ञ स्मरण सहित सविकारी। मे करुणामय परम पुनीती, ए हिंसक अति अधम अनीति ॥२८॥ इत्यादिक परणाम करि, दर्शन ज्ञान चरित्र। पाले ते टाले सकल, आश्रव होय पवित्र ॥२९॥ एक घडी आधी घडी, रे जिया ताजि सब द्वन्द्व। संवर भावना भाईये, बढे न क्यों फिर बन्ध ॥३०॥

नैन चैन जिन वैन सुनि, बाल बुद्धि अनुसार। कथन कांधला नगरमें, कियो स्वपर हितकार ॥३१॥

पद्धडी—दो सहस्र माहि पचपन खिसारी, तिथ नाग दूसमी शुकवार। हम भाए संवर भाव सोहि, यामें मन लवलीन होय ॥ ३२ ॥

दोहा—सुथिर होय संसारमें, जिनशासन जयवन्त।
जो डूबत भव भवरमें, बांहिग है अग जंतु ॥३३॥

अथ—संवर नाम अष्टमी भावना सम्पूर्णम्।

अथ—संचित कर्मका क्षय करनेवाली निर्जरा भावना अर्थात् कर्मोके आगमनको रोके ऐसी संवररूपा आड लगाए पश्चात् संवरके पहले आ चुके जे कर्म सो जीवकी सत्तामें तिष्ठकर बन्ध रूप होय जीवकूं बांधि रहे थे और संसार सागर ते पार नहीं होने देते थे तिस बन्धनका अभाव करि मोक्षकूं प्राप्ति करन हारी निर्जरा भाव नवमी भावना उच्यते॥

दोहा—वाकं निर्जरा भावना, नवमीको दरसाय।
जो विधि बन्ध अभाव करि, करे मुक्तिको राय।१॥

चौपाई—कर्माश्रव जल जब भरि आवे, जीव नाव डूबनको धावे। संवर लंगर डारि विज्ञानी, थामे नावरु रोके पानी ॥२॥ तदपि रिताए बिन मझधारा, अटकि रहे हुय बारन पारा। ते जिया करम द्वार सब रोके, संवरके डाटे द्रिढ ठोके ॥३॥ तदपि करम जल सत्ता मांही, लघीमार चालन दे नाहीं ब्रम्ह अटक जब अटके नैया ना डरो ॥१२॥

अथ सर्वोपदेश त्याग।

हो सर्वदेशी साधु सर्वदेश व्रत जिन आदरे, तिनसें कहें कोई सुनी मैं इन दुःख आप अनादरे। बारु सप्तथी वह सत पूछे तब छिमा मुनि मन धरे, छिमवादे न छिमवाय तो गहे मैं न मृत्युसे ना डरे ॥१३॥

दोहा—पर पीडाके कारणे, कबहु न कहें असत्य।
सत्या सत्य न उचरे, लखि परपीड निमित्त ॥१४॥
सहे परीसह चदेंगत, सकल व्रती सम चेत। अब आगे वर्णन करुं, अणु धर्म हित हेत ॥१५॥

अथ अणुव्रत गीता छन्द

यदि हो गृहस्था बार अणुव्रत धरि दया जिन आदरी, कोई बात ऐसी आवने पर ज्या न परवश आ परी। तहां

पकर भूप बुलाय पूछे धर्म धरिकर पर कहे, थी सत्य सब पर सत्य पूछे प्राणत जुदर खोंच है ॥१६॥ तहां हानि लाभ विचारि पर उपगारमें उद्यम करो, हो साध्यकी जहां सिद्धि साधन जाय तो मत ना डरो। ह्यां साध्य है दयाभाव सत् साधन असत् भई सत्य है, हो दया सतकी सिद्धि तो वह असत पूरो सत्य है ॥१७॥

अथ विशेष पुष्ट ताहे तो सत्य समाधान गीता छन्द।

जिस काल मुनि सत मुक्ति साधे साध्य तो ह्यां मुक्ति है, तिस कार्यकी सिद्धिका साधन सतद्विर सकर युक्त है। मुनि-राज तो गहि मौन सत्य असत्य संती टरिगए, पश्चात लखि दया व भाव धरि सत साध्य सिद्ध करि शिव गए ॥१८॥ ह्यां करो जैनि बुद्धिपेनी डारि धर्म विचारियो, कर लई सिद्धी साध्यकी साधू तहां बोल्यो न क्यों। साधक थोंबाधक कार्यको जिन अवक्तव्य दशा धरी, तिसकी व्यवस्था जगतके व्यवहारमें यों उच्चरी ॥१९॥

अथ परमार्थ ते उलटा लोक विरहार लोक व्यवहार ते उलटा परमार्थ दिखावे हैं।

वह सत असत् करि युक्त है क्यों ज्ञान लोप भए तज ह्यां, सो असत है व्यवहारमें अरु कपट है परगट जहां। जहां कपट है तहां भई माया आर्य भाव कहां रह्यो, गयो आर्य भाव जहां तहां फिर मल भाव तभी गयो ॥२०॥ इत्यादि अवगुण युक्त थो वो सत्य ह्यां जग रचनमें, योंही कथंचित सत्य तदपि असत्यथी परमार्थमें। जिस हेत हो पर घात भूपनि पात टुकड़ी बातमें, अरु होय कारण घातको वह हेतु अरु हो हाथमें ॥२१॥ पुनि सत असत करि युक्त हो अरु अवक्तव्य पदार्थ हो; व्यवहार हां के अर्थ हो

परमार्थ मांहि अनर्थ हो, तो साधु सर्वदेश त्यागी जो लगे परमार्थमें। जिन धरमो धर्म दया मई लग रहे स्वपर हितार्थमें ॥२२॥ ते हानिलाभ विचारि साधु सु कार्यको साधन करें, धर मौन सत्य यथार्थ हित सब कर्थ चित नहि आदरे। वे स्वपर घातक वचन हिंसक ना कहे निज वैनमें, परको धरमके परखो सोसत जसत हैं जंनमें ॥२३॥ अब कहुं धात समेटके शिव साध्वी मुनिरायके, जिसकी थी साधक दया केवल स्वपर घात हटायके। थी दया साधक पूर्ण सब-लोकी कसत उत्पातथी साधकर्कू बाधक लखि भये चुपको स्वपरको घात थो ॥२४॥ यहां मौनही में थी यथारथ सत्यकी परिपूर्णता, अरु स्वपरकी थी दया हिंसक भावकी थी चूर्णता। निज साध्वीकीथी विरुद्ध दुकसी धात ही की बातमें, परमार्थका हो लाभ तहां भव स्वार्थ है उत्पातमें ॥२५॥

दोहा—तिस कारण मुनि जन तहां, धारे मौन तुरंत।
स्वपर घातकी बात लखि, सध्यन बांधे संत ॥२६॥
दया धरमके कारणे, हिंसक भाव निवार।
सत्य कहे के चुप रहैं, ऐसा करें बिचार ॥२७॥
सकल पाप संसारको, एक जीवको घात।
तिनमें है अन्तर इतो, वह बेटा वह तात। २८॥
तात विना उपजे नहीं, पुत्र कदाचि त्रिकाल।
निज पर घात निवारके, पालें दया दयाल ॥२९॥
फिर आगें वर्णन कहूं, यही धर्म अनुसार।
दया धरम साधन अर्थ सद्भावार्थ निहार ॥३०॥

गीता छन्द—यदि हो प्रसताधार अणुव्रत धरि दया जिन आचरी, कोई बात ऐसी आ बनें पर ज्ञान परवस आपरी। तहांय कर भूप बुलाय पूछे धर्म धरि शरपे कहे, थी सत्य

तिस पर पूछे प्राण तसु हरनो चहै ॥३१॥ तहां हानि लाभ बिचारि पर उपगारमें उद्यम करो, हो साध्यकी जहां सिद्धि साधन जाय तो मत ना डरो। भावार्थ है पर प्राण घातक वचन मुख मत उचरो, छुटवाय तो तन धन यत्न करि सत असतमें मत फरो ॥३२॥

दोहा—अब विशेष वर्णन करूं, तज संसार विचार।
परमारथमें सत असत, कौन हिता हितकार ॥३३॥
तहां बिचारो प्रथम तुम, आपनो पद भवि भ्रात।
मत खंचो मतयों कहो लघु मुख मोटी बात ॥३४॥
तुम अणुव्रतके हो धनी, चलण ग्रहस्ताचार।
तातैं अपनो योग्यता, लखो इस भांत विचार ॥३५॥

मैंने त्रस रक्षा लई, अणू रूप लई सत्य।
थावरकी हिंसा करूं, बोलूं सत्य असत्य ॥३६॥
अब जो त्रसकी घात मैं, बोलूं लौकिक सत्य।
तौ परमारथमें सुगुरु, भाख्यो ताहि असत्य ॥३७॥
परमारथमें सत्य वह, परम अरथ दे साथ।
स्व पर घात सत नांहि केयौं, जातैं दहै उपाधि ॥३८॥

लौकिकमें सत असत करि, युक्त कह्यो सब वाद।
अवक्तव्यसो वचन है, मुनि मारग मरजाद ॥३९॥
मैं मुनि नहीं गृहस्थ हूं, मौन धारण असमर्थ।
मौन धरे नाहीं सरै, राजा करै अनर्थ ॥४०॥
बोलूं केवल सत्य तौ, औरां कहत असत्य।
त्यों जंगमकी घातमें, सो सत कहे असत्य ॥४१॥

अब रखनो मोहि धर्म युक्त, सत्य वचन प्रकाश।
असत वादके त्यागकी, यही मैं रहे आस ॥४२॥
जगपथ तैं शिव पथ विमुख, शिवपथ तैं संसार।
अब मोहि अपने साध्यकी, करनी प्रथम संभार ॥४३॥

परमारथ है साध्य शुद्धि, साधन हैं व्रत पांच।
तिनमें स्व पर हितार्थ हम, लियो अणुव्रत सांच ॥४४॥
परमारथ जक स्वपर हितका साधन है सत्य।
जो संसार विचारते, जुदा जिनोदित तथ्य ॥४५॥
मोको लौकिक सत्य कहि, स्वपर मानतों नाहि।
यह बाधक परमार्थके कारज साधक नाहि ॥४६॥
इत्यादिक सुविचार करि, लौकिक सत्य हटाय।
सत्यारथ सत बोलिके, करो स्वपर उपगार ॥४७॥
आधे दोहेमें कह्यौ, कोटि ग्रन्थको सार।
पर पीड़ा सोई पाप है, पुण्य सु पर उपगार ॥४८॥
तन बल मन बल बचन बल, धन बल जनबल और।
बुधि बल गुण बल धर्मबल तथा मृदु बल कोर ॥४९॥
जिस तिस विधि रक्षा करे, सो परघात निवार।
यही धर्ममें यादिना, होय न जग उद्धार ॥५०॥
अथ चोरी वर्जन अचौर्य व्रत कथन।

दोहा—है आतम है आर्य अब, शेष निर्जरा भाव।
दया धरमके कारणों चोरी देहू हटाय ॥५१॥

चौपाई छोटी ॥

सर्वो देश त्यागी मुनि करें, क्यों पर दरब हरण चित धरें।
जिन जान्योंमें सबते अन्य, पंच दर बसें चेतन भिन्न ॥५२॥
पर चेतन परमें बहु भांति, आपो थाप मान रहे शांति।
मैं परमारथ हित व्रत धरयो, दया निमित पर धन परिहरयो
तिल तुष मात्र अदत्त आचरूं, जीव सतायकु गतिमें परूं।
यों पाले मुनिवरत अभंग, ते अदत्त त्यागी सरवंग ॥५४॥
अरे जीव कहूँ बैठि इकंत, पाल दया अघ टाल महन्त।
कर्म निर्जरा हेत उपाव, बैठ भावना ऐसे भाव ॥५५॥

ऐसो दिन कब आवे मोहि, परतजल्यूं निज संपति होय।
अतुल चतुष्टय पास हमार; ज्ञान सुख वीर्य अपार ॥५६॥
तौ क्यूं परधन इछा करूं, क्यौं भव भव दुर्गतिमें परूं।
तौ भव बन्ध भारहुं च दूर, पाव' भवतर सुख भरपूर ॥५७॥
अथवा पंच अणुव्रत धार, तीन गुण शिक्षा च्यार।
बारह व्रत धरि परम पुनीत, आगमोक्त श्रावककी रीति ॥५८॥
कूप नीर निज आपन देव, देखन माटो निजकर खेत।
ता विन तो छिसरै न लगा रखि, अब करि अन्य विचार ॥५९॥
कुम्भलकी चोरी मत करे, वस्तु पराई मत आचरे।
दाव घातमें मत दे चित्त, दोस मोस मत ले परवित ॥६०॥
निजमें खोटी वस्तु मिलाय, मत ले तोल मोल भरमाय।
हीन अधिक मत नापे वीर, अदल बदल मत दे परवीर ॥६१॥
सौंपी वस्तु सु करमति जाय, कृत कारित सब दोष मचाय।
इत्यादिक चोरीके अंग, सो तजि पाल वरत विभङ्ग ॥६२॥
अरे जीव तैं भव भव मांहि, करे कुकरम धर्म गह्यौ नाहि।
करत अनर्थ व्यर्थ गयो काल, अब कछु करि परमार्थ संभाल ॥
जब तू परधन पर त्रिप हरै, मारे पर न मरनतैं डरे।
परी टेव मन मानै नाहि रोकि, कर धर्म उपाय ।६४॥
कठिन कठिन धन संचय कर्यौ, तैसो जाय छिनकमें हर्यौ।
वृद्ध अवस्था अति परवार, पास न धन रह्यौ सबके भार ॥६५॥
बाल वृद्ध रोगन कर भर्यौ, ताको तैं अब सब धन हर्यौ।
तैं तौ मार धरे सब ठौर, जीव दुखाय कियौ अघ घोर ॥६६॥
यातें परमारथ नसि जाय, हिंसा होय तू फंसि जाय।
भव भव वैर वंश विसतरे, हे मन ऐसो काज न करे ।६७॥

अथ ब्रह्मचर्य व्रत वर्णनम्।

दोहा—अब आगे वर्णन करूं, ब्रह्मचर्य व्रत सार।
परमारथ निज धर्म हित, स्वपर दया हितधार ॥६८॥

चौपाई—सर्वोदेश प्रण व्रत धरो, सहस अठारह दूषण हरो। शील रतन नव कोट बनाय, स्वपर दया हित लेहु बचाय ॥६९॥ हो निर्ग्रन्थ महा तप करो, काटि करम शिव सुन्दरि वरो। कै परनारि सकल परिहारि, उत्कृष्ट श्रावक व्रत धरो ॥७०॥ पतकिष्टा करि अणुव्रत धर्म, धारि करो तप काटो कर्म। देखि पशु वनितादि निहार, चित्र देख करि नीचो नारि ॥७१॥ वृद्ध नारि माता करि मानि, लघु पुत्री सम बहन समान। पास अकेलीके मत जाय, प्रति इकली आय न दे ताही ॥७२॥ हाव भाव ताके मत लखै, भण्ड वचन उपहास न अखै। मत पकावन वाहन चढे, मति शृंगार कथा नित पढे ॥७३॥ मत त्रिय लिंग धरी करे, मति पर-मय वांछा उर धरे। इत्यादिक सब दोष निवार, शील राखि बारह व्रत धारि ॥७४॥

कै जघन्य क्रिया आचरो, अविवाहित मत ना आदरो।
मातपितादि पंचजन रीति, धर्मपन्थ अनुसार विनीति ॥७५॥
शीलवन्त कन्या कुलवती पाणिग्रहण करिलयौ शुभ मती।
मध्यम किरिया भेद अनेक, ग्रही गृहस्थ जिनागम देख ॥७६॥
अरे जीव तैं सेय कुशील, भोगो कुगति भयो बहु जलील।
जिन तेरे लिये देखि कुकर्म, काढ्यो नाक उडाई धर्म ॥७७॥
कै लडि लडि मरि दुर्गति गए, वैरभाव करि संकट सहे।
अब तू वीरण होय सुशील, मत कर परमारथमें ढील ॥७८॥
कर्म निर्जरा करि शिव वरो, सुगुरु सीख इम हिरदे धरो।
तजि तृष्णा पंचम व्रत धारि, सकल पापतें पल्ला झारि ॥७९॥

अथ परिग्रह त्यागन हेतो तृष्णा वृत—दोहा।

हे ॰ तन आय अब, त्याग परिग्रह जाल।
तप करि कर्म खपाय सब, ज्यों हो अगत निकाल ॥८०॥

चौपाई

परिको अर्थ विशेष चितार, ग्रहको अर्थ गांठि उर धरि।
दोनों शब्द मिलावो जबै, परिग्रह नाम होत है तबै।।८१।।
ताको मूल अर्थ यह होय, घुलवां गांठि खुलै नहिं कोय।
अरे जीव तू अपनी साथ, याको अर्थ लगा इस भांति।।८२।।
मैं अनादितें सब हठ गह्यौ, पकरि असत सततें फिर गयौ।
मानों नाहि सुगुरुकी सीख, करूं न हित अनहित तहकीक।।

घुल रही भरम भावकीग्रंथ, खोलूं किस विधि हो निर्ग्रंथ।
मोह पिशाच कियौ परवेश, मानों नाहि सुगुरु उपदेश।।८४।।
इत्यादिक परिग्रहके अर्थ, सो तजिये लखि सठह व्यर्थ।
तृष्णा हेत करे हठ कूर, बन्धे पाप नहिं लाभे पूर।।८५।।
तृष्णा वस करि करि भरमार, मरि मरि जाय कुगति दरबार।
तृष्णा हेत असत उचरे, नाना भांति उपद्रव करे।।८६।।
तृष्णा तें परधन सब हरे, मरकर नरकके दुख भरे।
तृष्णा हेत हरे परनार, करे परिग्रह बहु उपकार।।८७।।
बहु आरम्भ परिग्रह हेत, बारबार पड़ि नर्क निकेत।
भोगे भवभव संकट घने सो कछु बात कहत नहीं बने।।८८।।

द्रिष्टिमान सब जग जंजाल, कहूँ कहां लग ताको हाल।
जामें दरब अनन्त भरे, मैं निज भाव सबनमें धरे।।८९।।
बिछुर गयो सब अङ्ग भङ्ग, हो गये मान हमारे भङ्ग।
संग चली नहि देह हमार, तजि गये पहरीचों दरबार।।९०।।
तदपि न त्याग्यौ जियाने खोट, पटकीना हम हलकी पोट।
तातें बहुत रुल्यौ संसार, रे जिया अब तू पहा मार।।९१।।
पांच पापतें होय निवर्त, फिर तू करि कुछ पुण्य प्रवर्त।
फिर तज पुण्य पाप सर्वंग, करो जथक रुप होय असंग।।९२।।

दोहा—तारो चौबीस भेद तुम, सकल परिग्रह भार।
करो कर्मकी निर्जरा, ज्यों हो जग निस्तार ॥९३॥
भाय निर्जरा भावना, करो पाप अवसान।
पावो यह सकल सुख, परमव पद निर्वाण ॥९४॥
जेठ मास अलि पंचमी, चवीसमे पैंताल।
सौम्य दिवस पूर कांधले रचीनेनसुख माल ॥९५॥
एक घड़ी आधी घड़ी, एक पलक छिन एक।
जे नर भावे भावसों, छूटें पाप अनेक ॥९६॥

इति निर्जरा भावना समाप्तम्।

अथ लोकाकार चिन्तवन हेतो नाम भावना दशमी लिख्यते।
दोहा—भावो दशमी भावना, चिन्तवो लोक अकार।
कौन भांतिको धाम है, है किसके आधार ॥१॥

चौपाई—किस बन्दी गृहमें तुम पड़े, पायत्रिविध रोगमें सड़े, निकसनकी है यही उपाय। समस्त अकार ममत हटाय ॥२॥ इन्द्रादिक पदकी तजि आस, ले अपनेकूं आप निकास। तू है जीव अपना ही चोर, चितने दिनदिन परधन ओर ॥३॥ तजि संतोष करे पर आस, क्योंकर होंगे मित्र खलास। आतमलब्धि अनंत सुलाय, निजकूं प्रभूको चोर बनाय ॥४॥ रह्यो सदामें तू मद अन्ध, अरे जीव तजि अब सब धन्ध। करि आतम परमातम ध्यान छूटे बन्ध होय कल्यान ॥५॥ अब तू लोक सरूप चितार, ये है लोक भावना यार। मत संसार भावना कहो, अन्तर निशदिन कैसे गहो। ६॥ चलै हरटसो संसार, यही जगतको अर्थ विचार। चहुं गति भ्रमण तत्व तिस जान, अब सुन लोकतत्व व्याख्यान ॥७॥

दोहा—तीन भेद हैं लोकके, ऊरध मध्य पताल।
तीन भांति रचना तहां, त्रिविध जीवको हाल ॥८॥

चौपाई—सुख न सुख भोगे चिरकाल, सुखदुःख मध्य विपति पाताल। चहुंगति चौरासीलख ज्यौंन, जन्म मरणको है इक मौन ॥९॥ एक पिंडकरि वर्णन करूं, लोकाकार कथन उच्चरूं। संस्कृत शब्द लोक पहचान, भाषा माहि लोग सरधान ॥१०॥ जैसो होय पुरुष आकार, तैसो लोक अकार बिचार। ताको भेदाभेद निहार, कह्यो केवली बहु बिस्तार ॥११॥

दोहा—अमित अलोक अकाशमें परमित लोक अकाश।
तासु उदर अवकाश में, है सब विश्व विलाश ॥१२॥

चौपाई—वातवलयकरि बन्ध रही हद, चौदह राजु ऊंचो कद। वाधि उदोधि आदि अवसान मध्य सात राजू परमान ॥१३॥ पूरब पश्चिम बहुत विनान, कीनो चरचा शतक बखान। सो प्रमाण सुनि मेरे जीव, मिटै भरम सुख होय अतीव ॥ १४ ॥

तदुक्तंचर्चाशतकानुसारेण सवैय्या ३१ साक्षी भूतमिदम।

पूरब पच्छम सातनर्क तले राजू सात आगें घटा मध्यलोक, राजू एक रहा है। ऊंचे चढ़ाया ब्रह्मलोक राजू पांच भया, आगें घटा अन्त एक राजू सरधया है। दक्षिण उत्तर आदि मध्य अन्त राजू सात ऊंचा चौदह राजू षट द्रव्य भरि रहा है, घरमांहि छीका जैसे लोक है अलोक बीच छींकाकूं अधार यह निराधार कह्या है ॥१५॥

चौपाई

ज्यों नर पूर्व अपर मुख धारे, दक्षिण उत्तर टांग पसारे।
कटि पर धरदोऊ भुज बलधारा, खड़ा रहै निश्चल अधिकार ॥१६॥
त्यों यह लोक पुरुष आकाश, अधर अलोक आकाश मंझार।
तीन शतक तेतालिस राजू, घनाकारतिस सर्व समाजू ॥१७॥
शास्त्र त्रिलोक सारमें गाया, तिल तिल दशदिश नापि दिखाया।
बात बड़ी मुख तन कहु मारा, कथन बहुत लखि करि गये हारा।

अथवा लोक किंके रूप, यों भगवान कह्यो जिन भूप।
अर्द्धमृतंदग अधो मुख, तापरसारी धराकर देख॥१९॥
ऊढ मृदंग अकार समान, पूरब पश्चिम ऐसो जान।
दक्षिण उत्तर सर्व सपाट, दिये बल मनु वज्र कपाट॥२०॥
ऐसो लोक अलोक मंझार, टाढो वात वलय आधार।
ज्यों नर चेतन लिपटो खाल, ज्यों तरुवर पर लिपटो छाल॥२१॥
जैसें अण्ड पिण्ड पैढोत, ज्यों मृदंग हद घेरा होत।
तैसें लोक हद भगवान, भाख्यो तीन पवन बलवान॥२२॥
जैसें नर तन झिल्ली तीन, कहुं मोटी कहुं होय महीन।
त्योंही तीन लपेटा लिए, खड़ी लोककूं थापू लिए॥२३॥
यही विश्वको है आधार, भाख्यो केवलज्ञान मझार।
हद बिना कोई लोक न बने, बढ़े उपद्रव लम्बी तने॥२४॥
बात कभी नहि टेको होय, लोक शब्दको लोप हि होय।
जगमें नाना वस्तु अपार, एक वस्तुको द्वितीय अधार॥२५॥
ज्यों छींकाको छतको हेत, छतकूं भी तबदारा देत।
भींतनको हैं नींव अधार, नींवनको है भूमि बहार॥२६॥
सकल लोक को थामें कौन, जो न होय हदपर वह पौन।
हद होय तब लोक कहाय, नातर भू लोप हो जाय॥२७॥
मूढन मोहि दियो भरमाय, एक सींगपर जगत उठाय।
मूंडो बेल खडो पाताल, करि श्रद्धा नर त्यो जगजाय॥२८॥
कोई मूढ बात अस घडे, शेषनाग के फरण पर खडे।
कोई कहे कछवेकी पीठ, धरयो जगत नहि माने ढीठ।॥२९॥
जब पूछे उनको आधार, कोई जल कोई कहत पहार।
जब पूछे कहु उनकी टेक, तो बतलावे लोक अनेक॥३०॥
जब पूछे किन राखे थाम, तब कहैं विश्वाधार है राम।
जब पूछे वह राम तुमार, है कैसो किसके आधार॥३१॥

ाब भाखे हैं गगनाकार, मेघ वरण जिन सता धार।
ाही विश्वको याथ है एक, वही आधार वही है टेक ॥३२॥
याागी जन करि जान्यूं जाय, यों कहिकरि फिर यों फिरजाय।
ईश्वरके हैं रूप अनेक, पर जड चेतन सत हैं एक ॥३३॥
मण्डाखो है गोल मटोल, करे मूढ जन घोकम घोल।
ात्मप्रमाणमें यों उचरे, कल्पित मत सत थापा करे ॥३४॥
ादुक्तं च छद्मस्थजगोक्त विश्वाधार विषये मिथ्यावाक्यमिदम्।

घोलमघोल श्लोक।

शांताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं।
विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्णत्रिनेत्रं॥
लक्ष्मी कान्त कमल नयन योगिभि ध्यानगम्यं।
वन्दे विष्णु भव भय हरां सर्व लोकैक-नाथं॥

अस्य खण्डन मिदम्।

चौपाई।

मत पोखैं मत भेदन करै, एक कहैं अरु लहि लहि गरैं।
जैन मतोक्त जगत आधार, भया सिद्ध जाने न विकार ॥३४॥
अब करि आगे चितवन एम, धंसि गयौ लोक हृदको नेम।
हृदसे तो हम भरा न धीत, हद स्वरूप कह्यौ विपरीत ॥३५॥
ताको निर्णय करनों ठीक, सच्चौ कौनरु कौन अलीक।
इक श्लोक शब्द ले छांटि, तिनको दो हिस्सौं पर बांटि ॥३६॥
सम्भव शब्दनको ले चाहि, असंभाव्य दे अलग बगाय।
तिनको अब वीरप सुनि लेऊ, असंभाव्य उपमा हैं एह ॥३७॥
भुजगसैनको ह्यां नहि काम, पद्मनाभिको ह्यां नहि धाम।
फिर सुरेशसैं मतलब कौन, रहो यहां दो जिसका मौन ॥३८॥
लक्ष्मीकांत जगतमें घने, कमल नैन बहुतनके बने।
विष्णु गए मरिके परलोक, भव भय हरे नरे कहि शोक ॥३९॥

इन शब्दनको ग्रां न भटाय, ए उपमा है अक्तिभाव।
जहां दोष आवै अव्याप्त, वस्तु स्वरूप न होवे प्राप्त ॥४०॥
अति व्याप्त दूषण आ जाय, वस्तु घटै उपमा बढ जाय।
असंभाव्य ए दोनू कही, सम उपमा है सम्भव सही ॥४१॥
जैसी होय बातकी छान तैसी बात कहै बुद्धियान।
मोकूं बांह मातने जन्यों, सो अन्याय न्यायमें भन्यों ॥४२॥

कहा करे राजा न्याय, देगो लखि विक्षिप्त पलाय।
इसकूं विश्व अधार अकार, करनों है तद्रुप निवार ॥४३॥
तातें शब्द असम्भव टालि, ले तू सम्भव शब्द निकाल।
उक्त श्लोक निरखि ले टोहि, जिस विधिमें बतलाऊं तोहि ॥४४॥

अथ विश्वाधार आकार साधन हेतोः।
उक्त श्लोक मध्ये सम्भव वाक्य संग्रहणवर्णनम् यथा।

चौपाई।

शांताकार शब्द ले थापि, ध्यानस्य सेराखि मिलापि।
विश्वाधार शब्द करि याद, गगन सदृश दोनू आराधि ॥४४॥
मेघ वरणसे रख ले नेह, अरु त्रिनेत्रसें मन लव लेहि।
सात शब्द तुम लेकर वीर, फिर ऐसे गुणि साहस धीर ॥४५॥
सुनि भावार्थ खुलासा भ्रात, वैठि इकांत शांतके साथ।
योगी वन तन मनकूं रोकि, अचल ध्यान धरि मत ना चौंकि ॥४६॥
विश्वाधार आकार विचारि, समझ स्वरूप सकल संसार।
तजके भाभज निज आतमराम, जाते सिद्ध होय सब काम ॥४७॥
सदृश शब्द लीजै इस ठौर, जाकी सम होहू को और।
जाके बिच है लोक विलाश, ऐसो है इक द्रव्य अकाश ॥४८॥
सकल दरब जिन उरमें दिये, ताके दोय भेद जिन किये।
कछु बाहर कुछ भीतर सोय, योय योथ दोऊ इकसीं होय ॥४९॥

गगन सदृशको मतलब इतो, द्विविध अकाश हृदयमें चितो।
बाहर हाय अलोक अकाश, भीतरको नभलोक है खास ॥५०॥
बाहर कीधो कथनी छोड़, शून्य द्रव्य है द्रव्य न और।
निराकार अनहद अलोक, हद बिना तो होय न लोक ॥५१॥

ह्यां आकार चितवनसे काम, कैसो जीव केइको धाम।
भीतरलेकी चर्चा करो, जो सर्वत्र विश्वमें भरो ॥५२॥
मिथ्या तिनको जो भगवान, ताको तिने कैयों सथान।
सर्वव्यापी हमरो देव, निराकार है नभ सम एव ॥५३॥

उपमा धरि साधें उपमेय, सत्योपम बिन सधैन ध्येय।
रह्यौ विश्वमें व्यापि अकाश, निराकार लक्षण है तास ॥५४॥
जहां देखो तहां वही दिखाय, सकल दरप उर धरण सु भाय।
तिसकी उपमाता पर जोडि, सत्यारथ तत्त्वारथ छोडि ॥५५॥

कहै विश्वको नाथ है एक, वही आधार वही है टेक।
ताके नहीं आधार अकार, वही विश्वको विश्वाधार ॥५६॥
तिनको मत खण्डण अब करूं, यह क्यों अद न वहकमें पर्‌ं।
यद्यपि निराकार भगवान, तद्यपि सर्वविद ज्ञान निधान ॥५७॥

कहां गगन निजी व अज्ञान, भेदइ तो धरती असमान।
लखिके निराकार इक पोल, कियों मूढ़ जन घोलमथोल ॥५८॥
जड़ चेतनाको गड़बड़ कियौ, अतुल दोष ईश्वरकों दियौं।
हदरूप यह लोक अकाश, जामें अनहद जीव निवास ॥५९॥

यद्यपि व्यापि रह्यौ नभ तहां, तद्यपि कहां जड़ चेतन कहां।
चेतनकी है दो विधि उक्ति, इक संसारी दूजो मुक्त ॥६०॥
दोनूको गुण व्यापक नाहि, व्याप्यो गगन जगतके मांहि।
गगन सदृश ईश्वरकूं मानि, अरु जग जीव लखे इक थान ॥६१॥

अरु लखि बाह्य अकाश अनन्त, भीतर जीव अनन्तानन्त।
इत्यादिक बहु कारण पाय, ज्ञान हीन जन गये भ्रमाय ॥६२॥

एकोदेश लखन उर भार, सर्वदेश कियो व्यभिचार।
सर्वव्यापी ईश्वर कह्यो, वही बाह्य वही भीतर दियो ॥६४॥

वही ठरायो विश्वाधार, गगन सदृश अरु निर आकार।
तीनों दोष लगा यकि रहे, सो तो मूढ़ तृपाव कि रहे ॥६५॥

ईश्वरमें व्यापक सब दर्व, नहि ईश्वर व्यापक अग सर्व।
ज्यों दर्पणमें तन झलकाय, तनमें दर्पण घुसि न जाय।६६॥

पुनि दर्पण ते है तन दूर, अरु तन ते रहे दर्पण दूर।
तदपि विमल गुणके परभाव, करे दूर द्रव्य न-दरसाव ॥६७॥

त्यों तिहुं काल त्रिलोक मंझार, बहुनिरा कृत अरु साकार।
जड़ चेतन भगवतके ज्ञान, प्रतिबिंबित हो प्रगटे आन ॥६८॥

वो परमातम परम पवित्र, विश्व अशुद्ध ठचित्र बिचित्र।
क्यों सर्पोंकी सेजया करे, क्यों यह कंवल नाभिमें धरे ॥६९॥

स्वच्छ होय क्यों नीलो बने, क्यों वंटे लक्ष्मीके कनें।
जगत वस्तुकी लेय सहाय, क्यों भाखे मोहि यो प्रगटाय ॥७०॥

धिग धिग जड़ बुद्धिनकी टेक, भाखे जग व्यापी अरु एक।
गगन दृश दृशको खंडन कियो, मेघ वर्ण अब बाकी रह्यो ॥७१॥

अरु रहे तीन नेत्र सुनि भ्रात, सोहे त्रिविधि बातकी बात।
विश्व अधार कह्यो हम जैन, सोहै तीन भांतिकी पौन ॥७२॥

अथ जैन मतानुसार विश्वाधार वातवलय वर्णनम्।

चौपई बड़ी।

प्रथम घनोदधि वलय कहावे, जल अरु पवन बराबर पावे।
सजल घटावत दश दिग छाई, मेघ वरण भगवान बताई ॥७३॥

दूजा वातवलय घन मानों, पवन अधिक जल सूक्ष्म जानों।
तीजो खुश्क पवन तनु नाम, तिन यह लोक अमर ले थाम ॥७४

छिपटी पवन अतुल बल भारी, दशहूं दिश कहे तीन प्रकारी।
समबल करि सब ही दिश रोक्यो, मानो बज्र बज्रमें ठोक्यो ॥७५
ध्रुव स्वरूप यह लोक अनादी, निधन स्वरूप कह्यो सतवादी।
स्वयं सिद्ध करता नहीं कोई, अनहर्ता न विछरता वोही ॥७६॥

दोहा—यों त्रिनेत्र धन वर्णको, करि खण्डण भण्डार।
लोक शिखर शिव लोकको, आगे सुनो बखान ॥७७॥

अथ—मुक्तिशिला लोकमें है वा लोकसे बाह्य है और कैसी है तिसमें परमात्मा एक बिराजे है अनेक वा एकोनेक विवस्था है, तिन दोनोंका आकार कैसा है तिसकी सिद्धिके वास्ते सिद्ध शिला और सिद्ध परमेष्टीके स्वरूपका वर्णन करे हैं—

चौपाई।

अब सुनि परम धामको भेद, बसें सिद्ध निष्कल निर्वेद।
पुरुषाकार जगतके सीस, कही थोथ इक जिन जगदीस ॥७८॥

दोहा—जैसे नरके सीसपर, देखो मित्र टटोल।
अर्द्धचन्द्र आकार इक, कहे कपालमें पोल।७९॥
तहां आत्माराम चढि, करे आय विश्राम।
है विख्यात त्रिलोकमें, ज्ञान शक्तिको धाम ॥८०॥
त्यों त्रिलोकके अग्रपर, तद आकार अनुसार।
एक थोथ निर्मल कही, नहीं भीतर नहि बार ॥८१॥
सो पैतालिस लाख मित, जोजन परम महन्त।
परम धाम तिस नाम है, तिष्ठे सिद्ध अनन्त ॥८२॥
अन्तवल त्यके अन्त तक, एकानेक स्वरूप।
बसे अकल परमातमा, निराकार चिद्रूप।८३॥
ओं ओं कहि मुनिजन रटे, जोगी ज्ञानाकार।
सोहं सोहं कहि तिरे, भव समुद्रके पार।८४॥

अरे जीव जीस भांति मुनि, तजि तन लोग अकार।
भजि निज पद गहि स्वबल धूल, हरि भय कारागार॥८५॥
निकसि बसे शिव लोकमें, सकल शोक करि दूर।
त्यों तू लोक अकार लखि, धारि ताहि थिर धूर॥८६॥
बैठो इकांत प्रशांत हो, तजि दे मोह ममत्त।
जाते पावे जगतसुख, दुःखको मूल प्रमत्त॥८७॥
तजि चपपन है सहसमें, जेठ कृष्ण छट जीव।
ताहि नमाई भावना, पढियो सन्त सदीव॥८८॥

इति लोकाकारस्वरूप भावना समाप्तम् दशमी भावना समाप्तम्॥१॥

× × ×

अथ बोधदुर्लभभावना ग्यारवीं लिख्यते—

दोहा—गाले अघ पाले जगत, टाले कर्म अनन्त।
हरि त्रिवर्ग अप वर्ग दे, नमूं बोध भगवन्त॥१॥
दुर्लभ है संसारमें, वीतराग विज्ञान।
अरे जीव आरधि नित, आदि मध्य अवसान॥२॥

चौपाई।

गुणते वस्तु अस्ति कहलावे, गुण बिन वस्तु नास्ति हो जावे।
ज्यों धनते धनवान पियारा, पुत्रवान बहु पुत्र नवारा॥३॥
त्यों भगते भगवान कहावे, भग भगवान ज्ञानकूं गावे।
हो भग तुल्य वस्तु जो प्यारा, सो भगवत व्याकर्ण मंझारा॥४॥

दोहा—सिद्ध भयो भगको, अर्थ ज्ञान तथा विज्ञान।
ज्ञानवान है आत्मा, विज्ञानी भगवान॥५॥
सेवक तू स्वामी प्रभू, परम गुरु परमातमा।
परम दया तुझ पर करे, समझि निजातम तदात्म्य॥६॥

चौपई।

अरे जीव तू ज्ञानी प्यारा, तदपि अनादी है मत वारा।
कुमतिकुश्रुति दूर अवधि विचारे, दिगरचो अरु परलोक दिगारे ॥८
हे वीरण अब सठहठ त्यागो, सुख कारण परमारथ लागो।
सुमति सुश्रुत शुभ अवधि धरो उर, मन पर्यय लहि केवल में पुरा॥
दुर्लभ है विज्ञान अज्ञानो, प्रगटाले हो अंतर ध्यानी।
है तुजहीमें संपति तेरी, ले अब काढि करे मत देरी ॥९॥
पाय मनुप पद बादि गंवाये, तो फिर जनम जनम पछतावे।
बाजि मतंग जई घन ढोवे, पाय सुधारस जो पग धोवे ॥१०॥

कंचन भाजन धूली भरावे, पाय महामणि सिंधु बगावे।
छेदि कलपतरु कांटे बोवे, सोसठ मूड पकरि कर रोवे ॥११॥
काल अनंत चतुर्गति वीरा, लख चौरासी गतिकी पीरा।
सुगति मनुप दुर्लभ पाई, तिरि समुद्र भयो पार अन्याई ॥१२॥
निपट निकट तट है तुज खेवा, तज परमाद भजो जिनदेवा।
एक पलकमें पार लगावे, जन्म मरणके दुःख छुडावे ॥१३॥
तिर नाहे तो तिरले प्राणी, पढया है तो पढि जिनवाणी।
तू अनादिका है अज्ञानी, ज्ञान बिना मुक्ति नहीं पनी ॥१४॥
मुक्ति विना कहूं सुख नहि प्यारा, झूठा है जग सुख पसारा।
जतन करत सह जाय शरीरा परम विपत्ति को पाम है पीरा॥
त्यागो जनसव भांती टटोरचो, इन्द्रादिक पदसे सुख मोरचो।
तीर्थंकर से अन्तर जामी, जिन्हें नमें त्रिभुवनके स्वामी ॥१६॥
विश्व विभूति पडो जिनद्वारे, तैं जे कार अगन उचारे।
ते क्षण भंगुर लखि जग माया, परमारथसे ध्यान लगाया ॥१७॥
तो तुमको नहि नवमें बांके, आणकित हो कौन कहावे।
कहां तुमारो संरतितो, आप पे तुम नगन शरीर ॥१८॥

जावोगे तज सघमन डेरा, जिसे कहे तू मेरा मेरा।
निरखे निसदिन तू जग मेला, मरगया वह तजि राज अकेला॥

वह रोवे उनकी पटरानी, गावत निस दिन बात निरानी।
अपनी कष्ट दशा न निहारे, भय भगो नित सेजी मारे॥

मैं वलवंत रूप धन मेरा, देश कोश अरु पुत्र घनेरे।
हाथी दास महल कुल नामी, विद्या बल अरु दलको स्वामी॥

भारतमें बहुमार सगीनों, शत्रु जिहसे हम बहु पीने।
मैं न मरूं भावे मरियो काई हाहा मूढ कहां पति खोई॥२१॥
सुनी अपनी अब कष्ट कहानी, समझेंगे कोई सज्जन प्रानी।
ज्यों कोई पथिक करमका मारा, मूल्यौं पंथ बिदेश मंझार॥

भटकत फिरत अटवी दिश दौरा, लखौ अगन जामें बहु मारा।
व्याकुल चित फिरयौ पछतावे, भागे चहुं दिश पंथ न पावे॥२३॥
तहां बसे इक गज अभिमानी, देखि पथिक मनमें इम जानी।
इन यह वन चहुं दिश भरमाया, सूंड उठा मारनको धाया॥२५॥

लखि गजपति सुधबुध गई मारी, भाग परयौ काहू दिश अविचारी।
अन्धकूप पछूंड न करि ताको, याको कर्म चढ़े अब आयो॥२६॥
तलखिर ऊपर पाया पियारे, अन्धकूपमें नाथ सिधारे।
बीचों बीच बिरछ पट छायों, तापर पड़ि अतही दुख पायौ॥

करम जोग करि होश जुआई, पकड़ जटालट कर्यौ तिस माही।
पडत भार तरवर थर्रायो, मधु छता फटि दल उलटि आयौ॥२८॥

लिपटि गई माखी तन सारे, नीचे अजगर अहि मुख फारे।
ऊपर गज घूमें मत वारा, निरखे वाट टरे नहि टारा॥२९॥

स्वाम स्वेत चूहे जड काटे, माखी चूंट चूंट तय चाटे।
निरखि पथिक कर ग्यान विग्यानी, दुखकेता सुखकी न निशानी

चानकदेव बिमान सिधारया, निरखि पथिक दुःखहाथ निकारया
अहो दुःखी नरदेह मुज वीरा, बैठा बिमान हरूं तेरी पीरा॥३१॥

सुनत सब वृक्ष नाहिं उठाई, मधुकी बिंदु टपकि मुख आई।
आशावश फिर फिर मुख फारे, वारवार यो देव उचारे ॥३२॥

अरे मूढ अब मत कर देरी, कट गई जड अब आरही तेरी।
तज मधु बिंदु बिखेकी आशा, करलेगो अजगर तेहि ग्रासा ॥३३॥

लगी घात सट मूंड हलावे, ऐसो स्वाद कहां फिर आवे।
नेक ठहर दो बूंद चटाल्यूं, अपने मनकी हौंस मिटाल्यूं ॥३४॥

हा हा धिक धिक मूल पियारा अरे जीव सोई हाल तुमारा।
त्रिश्ना वश कर्म यके मारे, भूल सुपथ कुपंथ संसारो ॥३५॥

पडे जगत वनमें पछतावो, लागं अगन चहुं गत दुख पावो।
परभव काल चली ज्ञ मारयों या भव भ्रमकूपमें डारयों ॥

आयु विरख अडाते गहि राखी, निसदिन कटत रही कछु बाकी
चूंट चूंट परि जन तन खावे नीचे नर्क सर्प मुख बावे ॥३७॥

तू भगवान ग्यान धूतेरे, परम निधान काटि किन लेरे।
तू आतम परमातम प्यारा, तू सिद्धातम तू ओंकारा ॥३९॥

मत कर मित्र जगतकी आसा, कर लिए ते सब भोग विलासा
सात नरक नव ग्रवक तोई, देखे सब सुख दुःख तुम भाई ॥४०॥

मत मधुबिंदु स्वार्थ वश ज्ञानी, मत कर परमारथमें हीनी।
बहुत गई रही थोरी वीरा, करो ग्यान धर धीरज धीरा ॥४१॥

जाते अख परिह कर आवे, काल अनन्त सदा सुख पावे।
फेर न होय जगतमें वासा, मिटे अनादि करमका रासा ॥४२॥

दोहा—करले वीर बिवेक इम, देव धर्म गुरु सार।
साँचे सेवत मोक्ष पद, झूंटे सेवत छार ॥४३॥

सवैया ॥३१॥—देव नमे देव अरिहन्त हैं परम देव सर्वज्ञ
वीतरा राग तारण तरण है, गुरुनमें गुरु निर्ग्रंथ हैं जगतगुरु
आके निजपर परमारथ करण है। धरममें परम धरम है

दयामई है और जग स्वांग सब पेटको भरण है॥ याहीको शरण लेहु नाथ कैसो सेवा खेहु वारसे है, पार मझधारसें धरण है।' मोह अन्धकार अनिवारिके निवारिवेकूं पूरब दिशामें पद इनके फर ले, सुनिके सुमारग कुमारगको हाल फिर पूछि शुद्ध मारग विचार मन कर ले, तू है ज्ञानवान भगवान सो महान कर ध्यान, ऐसे भांति यथारुच थिर धर ले। याही भांति करि जो तिरे तो वेग तिर मीन, अन्यथा तिरे न तू हजार बात धरि ले॥४५॥

जोलों डाट गिली ईट चूनेकी है ढीली तों लो माटीहीको काचो सांचो साधक है धामको। डाट पकि जायठ कि जाय बोम काम तब बाधक वोही फेर बनीसें आरामको॥ त्योंही आप्त आगम सुगुरुको शरण धीर पूरब दिशामें अवलम्बन है कामको। कहै नैनसुखदास तजि मधु बिन्द आश डूबत भवांबुधिमें कारण है थामको॥४६॥

दोहा—इकपर नवतापर चतुर, चतुरन पर घर पांच।
जेठ अश्वित द्वितिया भविक, रवि दिन लीजो बांच॥४७॥
ता दिन भावई भावना, नैनानन्द गरीब।
पढ़ै सुनेंगे भव्य जन, जिनके बड़े नसीब॥४८॥

इति बोध भावना ग्यारमी समाप्तम्॥११॥

\+ \+ \+

अथ मोक्ष प्रापक जिन धरम आराधन हेतो धरम भावना बारमी लिख्यते।

दोहा—शिव प्रापक जिन धर्मको, अरे जीव ले शरण।
साधो सम्यक रीतसे, दर्शन ज्ञानाचर्ण॥१॥

ख्याल लंगडी रंग तककी चाल

अर्हतादि त्रिलोक पति न करि जिन ग्यारह बातें जानी।
सत्प्रतीतमें, धरे चित्त वोई हैं सच्चे श्रद्धानी॥ टेक॥

तीन काल षटद्रव्य नवों पद अरु षट कायाके प्रानी।
लेश्य भाव षट तथा पंचास्तिकाय जिनने जानी ॥१॥
व्रत अरु समिति पंचगति च्यार जिन्होंने पहिचानी।
ज्ञान चरणके समझि करि भेद स्वपर परणति छानी ॥२॥
यही मोक्षका मूल कहैं सतगुरु ज्ञानी, शिव सुख कारण, दर्शनावरण, निवारण सुख दानी ॥३॥ मिटे द्रिष्टि तेरी भ्रष्ट नैनसुख अन्त वरोगे शिवराणी। जन्मतीतसे, धरें चित्त सोई हैं सधे श्रद्धानी ॥४॥ अर्हन्तादि त्रिलोकपति न करि जिन ग्यारह बातें जानीं। सत्प्रतीतसे, धरें चित्त सोई हैं सधे श्रद्धानी ॥५॥

खयाल वांसव रेलीका।

जे मोक्ष मारगकी प्राप्ति करन हारे हैं, अरु कर्म महा भूभृतके हरनहारे हैं। जे सकल तत्वका ज्ञान धरणहारे हैं, ते वन्दूँ तद्गुण लब्धि भरण हारे हैं॥ भाई सम्यग्दर्शन ज्ञान चरण चित्त धर ल्यौ, है यही मोक्षका पन्थ इसीमें चरल्यौ। तत्वारथकी सत्यारथ श्रद्धा करिल्यौ, है सम्यग्दर्शन यही इसीकूं वरल्यौ ॥१॥

सो दो प्रकारसे उपजत रे सुनि प्रानी, इक तौ सुभावसे कह्यौ निसर्गज ज्ञानी। जो उपजै आप्तरु आगम गुरु परवानी, सो उपदेशज अधिगम कह्यौ जिन वानी ॥२॥

पुनि जीव अजीवरु आश्रव बन्ध चितारो। संवरको समझि निर्जरादि मोक्ष विचारो॥ इन तत्वनिमें तुम कौन जुदा करि डारो। फिर तज परार्थकूं अपना अर्थ निकारो ॥३॥

भवसमुद्रसे पार करनहारे हैं, ते वन्दूं तद्गुण लब्धि भरणहारे हैं। जे मोक्ष मारगकी प्राप्ति करनहारे हैं। ते वन्दूं तद्गुण लब्धि भरणहारे ॥४॥

जे सकल तत्वका ज्ञान धरण हारे हैं।
ते वन्दूं तद्गुण लब्धि भरणहारे हैं॥

ते नाम थापना द्रव्यभाव कर मानों। इन च्यारूं निर्वेपोंसे सन्दूं पहिचानो॥ जिन उदय परतुके कारण जिसका ठानो, तातें ऐसा घन साध्य वस्तुके मानो॥१॥

पुनि दो प्रमाण अरु सप्त नय करि पाखो, आते हो सर्व अनर्थ विचार अजामो। फिर पांच भेद विधि थापि इन्हें कारामो निर्देश तथा स्वामित्वके पेर अमादो॥२॥

पुनि साधन अरु अधिकरण स्थिति भेदोंसे, करो पूर्व कथित सब सिद्ध छूटो खेदोंसे। सत्संख्या क्षेत्र स्पर्शन भट्टगोंसे, समझो कालांतर भाव जैन वेदोंसे॥३॥

तुमको तो साध्य है शिव संपति अविनाशी, जो पर ते पर अंबरस्थानमें भाशी, है दगानंद परमार्थकी सिद्धि जहां ही। तू जाया चाहे जहां तोड़ि भव फांसी॥४॥

ए बहुत अज्ञान हरण हारे हैं, ते वन्दूं तद्गुण लब्धि भरण हारे हैं। जे यथार्थ तत्वका ज्ञान करणहारे हैं। ते वन्दूं०॥५॥

ख्याल चांस बरेलीका परन्तु ओपलीव रही गई है केवली भशीत द्वादशांग॥

तुम द्वादशांगके करल्यौ तीरथ प्यारे, जलनांयगे मल होजांयगे मंगल सारे॥टेक॥

ए सकल विश्व विद्याके हैं पूरण सागर, हैं साधक तद्भव पर भव मोक्ष उजागर॥१॥ हैं आप्त कथित गणधर गुंथित एशारा, मत मानों इनसे इतर बतीस अठारा।॥२॥ भाई काल दोष करि जगमें भर्म पर हैं, कल्पादिक सूत्र नमें बहु दोष भरे हैं॥३॥ तिनके तो कथनका कुछ नहीं ठीक ठिकान। आचार बिचारमें दोष भरे हैं नाना ए द्वादश आर रूप अनादि कहांवे। इनके प्रताप भवी जीव मुकतिमें

आवे, जिन शरण लई तिनके सब अघ धोडारे ॥गलजायगे०॥ तुम द्वादशांगके करल्यों तीरथ प्यारे, गलजांयगे मल हो जांयगे मंगल सारे ॥४॥ पुनः॥

एक परमपूज्य है जैन वेद सुन प्राणी।
हिंसा गर्भित है वेद महा दुःखदानी ॥१॥
इनकूं आरावे सन्त बड़े सब ज्ञानी।
उनकूं आराधे हिंसा लग रही जगतमें ऐंचातान विहंडन।
विन जिन शासन नहिं सुखदायक अवलम्बन॥२॥

यह वीर हिमांचलसे जिन गंग टरी है।
सो गोतमादि गुरुके घटमें पसरी है ॥४॥
सप्तांग सुधारससे सर्वांग भरी है।
जडतादिक जगकी बाधा सर्व हरी है ॥५॥
पाखण्ड महावनके जिन पेर उखारे।
गल जांयगे मल हो जायगे मंगल सारे।
तुम द्वादशांग करल्यो तीरथ प्यारे ॥ जल जांयगे० ॥६॥

इनतोडे भ्रमगज दन्त पन्थ जिन सोधे, किये मोहमरू स्थल फेंकि अधर्मी बोधे ॥१॥ प्रक्षाले जग जन मन कलंक सब याने, ताते संतन करि सेव्य सुरादिक माने ॥२॥ है मुनि भिरु पासित तीरथ तारण हारी, है सदाकाल जयवन्त जगतकूं प्यारी ॥३॥ याकूं तजके मनमें मत कुमति बिचारो, मत नदनालनमें पडि जीवनकूं मारो ॥४॥ इस ज्ञान गंगजलसे मनकूं धो डारो, नहि अवसर बारंबार समझ ल्यो प्यारो ॥५॥ मत भवसमुद्रमें आतम रतन बगावे, तो हिनाहि परख यह तुमको परप करावे ॥६॥ परखनके लिये भेदानुभेद करि डारे, गलजांयेगे मल हो जांयेंगे मंगल सारे, तुम द्वादशांगके करल्यो तीरथ प्यारे, गल जांयगे मल होजांयगे मंगल सारे ॥७॥

एकांत बैठि इस जलका भाव विचारे, तुमहीमें बसे यह गंग बुद्धी घटवारो ॥१॥ तेरे ही रतन ए द्वादश तुझमें भरे हैं, ऐ तुही खान तुही चोर तू कीमें धरे हैं ॥२॥ है तु होना य तुही भेरफ तू तरवैय्या, रे तेरी ही अटक रही खेव तुही अटकैय्या ॥३॥ तू अपनी खेप कूं आप ही पार करेगा, चाहे गाति रातो बेड़ा गार तिरेगा ॥४॥ तू उमास्वामि कृत तत्वार्थक पढ़िले, तू भव समुद्रसे वेगी वेगी कढ़िले ॥५॥ कहे दास नैनसुख मत पुरुषारथ हारे, गल जांयेंगे मल हो जांयगे मंगल सारे, तुम द्वादशांगके करलो तीरथ प्यारे ॥ ॥ गल जांयगे० ॥६॥

दोहा—इक पर नव नव पर चतुर, चतुरन पर धरि पांच।
जेठ असित दशमी भविक, शशि दीन लीजो बांचि ॥१॥
भाई इस नृप भावना, मनमें उठी तरंग।
जयवन्ती बरते सदा, द्वादशांग जिन गंग ॥२॥

इति द्वादशमी भावना समाप्तम् ॥१२॥

\+ \+ \+

अथ द्वादश भावनाओंकी सिद्धांतसंग्रह नामा एक भावना अन्तकी लिखिये है। तिसमें रचा ख्याततत्वानुचिन्तवन अनुप्रेक्षा इस आद्या सूत्रका पहले अर्थ करे हैं—

दोहा—रचारव्य तत्व अनुचिंतवन, सुनियाको विरतन्त।
जैसो जिसको नाम गुण, तैसो तत्व विचित्य ॥१॥
अनुप्रेक्षाको अर्थ यह, पीछे करे सम्भाल।
पिच्छल बुद्धी जीव ज्यों, पहली मत दे टाल ॥२॥

अथ षट द्रव्यनके पेचमें जीवकी क्या दशा है सो सिद्धांत कहे है—

गीता छन्द—अब टालि चेतन कुमति पहली सुमति अवलम्बन करो, जिस भांतिको जो भावना तसु तत्वको

चित्तमें धरो। रे जीव! तू निर्जीव सो है, गगनमें उड़तौ फिर्यौ॥ है काल सो अरु धर्म सो तू गेंद सो लुढ़तो फिरयौ॥३॥ पढ़ि मर्म मूढ़के अधर्मी भेष बहुते तें धरे, रह्यौ नित्य सो न अनित्य सो कछु काज नहीं तेरे सरे। नहीं जीवकोश शरण किसीका चतुर्गतिमें यह भ्रमे, तिहुँलोक तीनों काल इकला अन्यसे नाही धमें॥४।

तू अशुचिततनके संगसे अशुचिता खो रह्यौ, शुभ अशुभके भरिभार भवकी धारमें तूढै रह्यौ। अब पाटिमाव श्रवदार दे करि डाट नवका फटी रही, दे सर्व भार उतारि हो भवपार अब मैं अंटि रही॥५॥ तू लोकको करि शोक भवकी रोकमें क्यों हो रह्यौ। तू होय जाग्रित जोति क्यों कर मौतके घर घर सो रह्यौ। अब जाग शिवपथ लाग मिथ्यात्यागि सम्यक आदरो, हो शांत तज एकांत गहि सिद्धांत भवसागर तिरो।६॥

अथ नैनसुख वा दृगसुख ऐसा नाम कविताका है व्याकरण द्वारा इसका अर्थ तत्वार्थ श्रद्धान रूप वा सम्यग्दर्शन रूप सुख है सो कहे हैं—

गीता छन्द—दृग दर्शन है धातु सम्यग्दृष्टिसें तू दशि ले तत्वार्थको श्रद्धान सम्यग्दर्शन पढ़ि परशि ले। तै नैनसुख जो नाम पायो धर्म द्रिष्टि हटाय ले, घट घटनकी पट पटनमें जिन बिन निरखि सुख पान ले॥७॥

भई अष्ट अनादिसे ये रोग राज असाध्य है, यह द्वादशांग जिनेन्द्र अंजन मिश्र तोहि अराध्य है। इस भांति भाई भावना अर्हन्तके मत पन्थकी, सब भांति हला कीजिये भजि बात है सब तन्तकी॥८॥

परमार्थकी है दीपिका अरु न्यायको तत्वार्थ है, है स्वपरको उपकार सन्त अनन्त पुरुषार्थ है। भगवानकी पहचानहू

भगवानको ज्ञान है, भगवानने यहै ज्ञान सभावोंमें भाव महान है ॥९॥

यह कर्मकष्ट मिटानेकूं भावनामृत चूर्ण है, भयो वरमके परभावसे यह आज ही परिपूर्ण है। ह्रेस हंसमेंसे काठि पञ्चपन ज्येष्ठ अलि चौदश धरो, भृगुवार नगरी कांधला जिन शांति तप मंगल करो ॥१०॥

इति श्री नयनानन्द कवि विरचित जैन मते द्वादशानुप्रेक्षाय, सिद्धांतसार समाप्तम्।

इति श्री नयनानन्द विलास संग्रहे अध्याय २८ वेमें प्रथम भाग समाप्तम्॥

---

श्रीमदर्हते नमः ॐ नमः सिद्धेभ्यः।

अथ कवि ननयानन्द यतिकृत "भजन विलास" लिख्यते—तस्य उत्तर भाग मिदम्। २ अथोवर भागस्य भूमिका. माहा विज्ञापन।

विदित हो कि मैंने इसका पूर्व भाग तो पहले १७ अध्यायोंमें पूर्ण किया था। और दूसरा भाग २३ अध्यायोंमें सम्पूर्ण किया था। जिसकी १ प्रत तीतरम नगरमें। और दूसरी प्रति जगाधरीमें। और तीसरी लाला हरनामदासकूं रहुतकमें। और चौथी प्रति मेरठ शहरके जैन मन्दिरमें और पांचमी शौरम नगरके मन्दिरमें पूरी पूरी दे चुका हूं।

पाछे ऐसा विचार हुआ कि—साजबाज परगानेकी चीजें कुछ तो पूर्व भागमें हैं कुछ उत्तर भागमें हैं जो ए सब पूर्व भागहीमें हो जांय तो रथजात्रा आदिकके उत्सवोंमें सारा ग्रन्थ पास रखनेका जरूरत न पडे। इस वास्ते अध्याय १८ वंसे लेकर अध्याय २१ और थे सो सब गान समाज। गान समाजके थे वे भी उत्तर भागमेंसे छांटकर पूर्व भागमें

शामिल कर दिये हैं। इस उत्तरभागमें सिर्फ बड़े बड़े प्रबन्ध और सभामें बैठकर सुननेके लायक धर्म-चर्चाओंका संग्रह है, परन्तु और कोई प्रबन्ध घटाया बढ़ाया नहीं। जो वे पांचों ग्रन्थ हैं, अलबत्तै अध्याय उलटे पलटे गए हैं और कुछेक किनारे पर लम्बरोंके अंक भी जादा करि दिये हैं सो इस वास्ते कि सूचीपत्रमें लम्बरके इशारेसे कौनसी कथनीकूं देखा चाहेंकु झट पा जाय।

गरज पूर्व भागके अध्याय १७ थे अब २८ हैं अरु उत्तर भागके अध्याय २३ थे अब १२ हैं। दोनूंके सर्व अध्याय वे के वे ४० जानने। पुनः विदित हो कि मेरे रचित पदोंमें ६ नाम अरु ४ नाम मेरे शागिर्दोंके पडे हैं सो सब मेरी रचना जानना, शंका न करनी।

इति उत्तर भाग भूमिका पुनः विदित हो कि इस ग्रन्थके दोनूं भाग पूरे कर दिये।

पश्चात् और भी अनेक अध्यात्म पद रचे हैं और यह विषय मेरा छूटता नहीं है। जो आयु अवशेष रही तो उसका चिदानन्द नाटक नाम धरिके जुदा ग्रन्थ पूरा कर दूंगा वह इसका तीसरा भाग समझा जायगा, नहीं तो यह ग्रन्थ परिपूर्ण दो भागोंमें है।

अथ इस उत्तर भागके १२ अध्यायोंकी सूचना—

सनातन सन्मतार्थ सद्धर्म निर्णयका मुकदमा जिसमें सन्मतार्थ जैनी लोगूंके ४० नियम हैं पहलौ प्रश्नोत्तरके सनार्थं छह मत खण्डण है सो अध्याय २९। बाइस अध्यायमें छह मतार्थोंकी ११ कुयुक्तियोंका मण्डन अरु खण्डन है ॥३०॥

इस अध्यायमें छह मतार्थोंके कर्ताबादका मण्डन अरु खण्डन है। अरु सन्मतार्थ सद्धर्मका यथार्थ मण्डन है ॥३१॥

इस अध्यायमें छह मतार्थ सहित पाखण्ड मतका मूर्ति खण्डन है, अरु जिन मत प्रतिमा पूजनका मण्डन है॥३२॥

इस अध्यायमें वेदोत्पत्तिका वर्णन है जिसको निराकार ईश्वरका वाक्य छह मतार्थी मानते हैं अरु सन्मातार्थ वेदका मण्डन है॥ ३३ ॥

इस अध्यायमें अद्वैत ब्रह्मवादका खण्डण अरु जिनमतानुसार द्वैताद्वैत ब्रह्मवादका मण्डण है॥३४॥

इस अध्यायमें नित्य कृत महापापोंके फलका वर्णन सहित नर्कादि घोर दुःखोंका वर्णन है। तामें नर्कका सम्पूर्ण हाल लिखा है, तातें इसका नाम दुर्गति दीपिका नामा बारहखडी धड्या है, तामें प्रश्नोत्तर द्वारा समाधान कोने हैं अति उत्तम धर्मोपदेश है॥३५॥

इस अध्यायमें मुन्नूलाल दिल्ली नगर निवासी संघपतिकी सम्मेदशिखरकी यात्राका सर्व वृत्तांत है जिसमें ४०० आदमी यात्री थे, संवत् १९४२ में यह संघ दिल्लीसे चला, मार्गके तीर्थों समेत हाल है॥३६॥

इस अध्यायमें चतुर्थ कालके जैनावतार २४, चक्रवर्त्ती १२, प्रतिनारायण ९, बलभद्र ९, नारायण ९, नारद ९ रुद्र ११ ऐसे पदवीधारक ८३ पुरुषोंकी तवारीख है जिनका नाम आप्तायु अन्तराल मीमांसा है।३७॥

इस अध्यायमें पंचमकालके २९ महामुनियोंकी तवारीख है जो सूत्रकार हुये ४१३११७ वर्ष कम एक कोडाकोडि सागरप्रमाण वर्षोंकी जैन मतकी वर्तमान तवारीख सभी हैं दोनू भागका नाम आप्त अन्तराल मीमांसा है॥३८॥

इस अध्यायमें नाना प्रकारकी अद्भुत रचनाऊंका सर्व संग्रह है॥३९॥ चालीसवें अध्यायमें हेमराज कविकृत श्वेतांबर

व दिगम्बर आम्नायके ८४ बोल-भेद हैं, गुम हो जानेके भयसे लिख दिये हैं कामके थे।

ॐ निष्कल परमात्मने नमः। तव तव ॐ सकल अर्हंत परमात्म गुरवे नमः। अथ सनातन सन्मतार्य सद्धर्म निर्णयका एक मुकद्मा बनाकर लिखिये हैं।

इसका दूसरा नाम छल पन्थ आर्गल है।

तत्रादौ मंगलाचरणम्।

दोहा—नमूं ब्रह्म सर्वज्ञको, जाके वचन अखण्ड।
करूं जैन महिमा प्रगट, खण्डुं मत पाखण्ड॥

प्रगट हो कि यह एक धर्म निर्णयका मुकद्मा है। पहले इस मुकद्मेंकी असलियत समझ लेनेके वास्ते नियमका यह किये जाते हैं। चाहिए हर मनुष्य पहले इन नियमोंको खूब ध्यानमें जमाले। एनेम ४० बतौर प्रश्नके निर्णयपूर्वक लिखे हैं तहां प्रश्नकूं समझि कर प्रश्नके उत्तरकूं सन्मतार्योंके नियम समझना॥छल पथ किसकूं कहते हैं॥

उत्तर—जिसमें चाला कर वह काक बुद्धिकूं भरमा कर अधर्मी लोग लेजावे अरु भोरे जीवोंका धर्म धन लूटलें जिससे आत्मा परमात्मा अरु सर्व प्राणीनाशका घात होवे॥२॥ आर्गल छल पंथकी क्या है?

उत्तर—अर्हंत सर्वज्ञ सकल परमात्माका उपदेश बिगु असर्वज्ञका उपदेश छद्म युक्त, छल पंथ होता है। सोकु पंथमें ले जाता है, जैसे किसीने अपने नगरके गलीकूं चेतो देख रक्खे हैं। परन्तु विलायत नहीं देखी, कर कहइ वह पशु विलायतका रास्ता बताकर लिख कर दर गया यह रास्ता ठीक नहीं है। चलनेवालोंकूं चाहिये कि किसी ऐसे पुरुषसे निश्चय करे कि जो उस रास्तेकूं चल कर

विलायत देख आया हो या जो शिक्षा कर गया हो, या उसके आविष्कार समझागू से। नहीं तो कब पता लग सक्ता है, अर्थात् संसारी पुरुषोंने जबतक अर्हंत भगवान धारी है तावत अनाज आवश्यक है। आस नहीं है इस वास्ते छद्मस्थ है, पनकूं संसारीक ज्ञान है। संसार मार्गमें चतुर हैं मोक्ष-मार्गमें अंश नहीं, या तो पूरे आविष्कार नहीं हैं। जिनसे पूछना, या जिनके कथनको लकीर पर फकीर होना सम्म-दायोंका धर्म नहीं है, किंतु यह पंथ प्रारम्भमें सरल है। आगे चल है भव भ्रमण है, धर्म धन लुट जायगा। तातें देख कर लौट आना चाहिये आनेका नाम आर्जव है जो यह आर्जव पेयरी प्रणीत सन्मतायोंके मोक्ष होनेके निष्क-पट रूप सरल मार्ग है। हाथ कंगनकूं आरसी क्या जिसका जी चाहे परीक्षा कर ले ॥२॥ पंथके हैं ॥

उत्तर—दो हैं, एक संसार पंथ ॥१॥ दूसरा मोक्ष पंथ ॥२॥ मोक्ष पंथ कौनसा है ?

उत्तर—एक जिन मत ही है जिसका जिसका सम्यग्दर्शन-ज्ञान चारित्राणि मोक्ष मार्गः। ऐसा लक्षण है, अर्थात् (सम्यक् श्रद्धान, सम्यकज्ञान, सम्यक् आचरण रूप दयामय एक ही मार्ग है। प्रथक प्रथक तीन मार्ग नहीं हैं, इस वास्ते मार्गः। प्रथमांत पद पड़्या है, और पंथोमें श्रद्धा न है तो ज्ञानपूर्वक नहीं ज्ञान है तो आचरण ठीक नहीं। आचरण है तो (श्रद्धान ज्ञान दोनू ठीक नहीं, एक एक अंगकूं पकड़ि कर अपनी अपनी रूचि माफिक मत पोखे हैं ॥४॥ संसार मार्गके हैं ॥५॥

उत्तर—सनातन तो पांच हैं और पांचोंके मोटे छलकूं धारण करके कोई सौ वर्षसे कोई हजार दो हजार वर्षसे इत्यादि सैंकड़ों हजारों नये हो रहे हैं। परन्तु उन पांचोंके

सूक्ष्म छलकू जिनकूं मोटी बुद्धिवाले नहीं समझ सकते ये एक नये चतुर धूर्तने संग्रह करके व्याकर्ण विद्याके छलसे दोषोंको तो गुण वर्णन करे। अरु उन मोटे छलियोंके छलकूं खण्डन करके उनकी आखूंमें धूल भर दई है, और उन बारीक दोषोंको गुणसे दिखाय अपना पंथ एक नया भी सन् १८५७ ईसवीमें चलाया है सो महा छलका जाल है। जिसके फन्दमें अनेक फंस गये अरु फंसे चले जाते हैं। यह नया छल पंथ सब छल पंथोंमें प्रधान है इसीसे यह मुख्य छल पंथ है ॥५॥ यह नया छल पंथ किसने चलाया है उसका नाम बतावो ॥६॥ सनातनी पांच संसार पंथ कौनसे हैं ॥७॥

उत्तर—मत सनातनी छह हैं तिनमें एक जिन मत ही मोक्षमार्ग है, और सर्व मतोंको विजय कर कई चिर रहकर सरल है। बाकी पांच अपने छलसे वक्र हो रहे हैं। सो सब अनार्थ अरु छल युक्त पांचोंकु पन्थ हैं, फिरफिरके संसारहीमें पतन करावे हैं। तिनके नाम जैन पन्थकूं छोड़कर बाकी इस श्लोकमें समझ लेना।

श्लोक—जैनं मैमांसिकं बौद्धं। सांख्यं शैवं च नास्तिकं।
स्व स्वतर्क विभेदन, जानियाद्दर्शनानि षट् ॥

जैन मत मोक्षमार्ग है ॥१॥ मैमांसिक संसार मार्ग है ॥१॥ बौद्ध संसारी मार्ग ॥२॥ सांख्य संसार मार्ग ॥३॥ शैव संसार मार्ग ॥४॥ नास्तिक संसार मार्ग ॥५॥ ए पांच सनातनी हैं। इनके निकले हुये नये और पुरानेसे सैकड़ों मजहब हैं, जो डरे डरे तो सीधे चलते हैं। परे खिसक जाते हैं। सब संसार ही की बात करने लगते हैं, अरु फिर फिरके संसार ही में आ पड़ते हैं ॥७॥ यह दयानन्द सरस्वती पंच संसार मार्गोंमेंसे कौन मतका आदमी था ॥८॥

उत्तर—उसके समाजी नियमोंसे तो यह मालूम होता है कि वह पहिले नास्तिकमती था किंतु अद्वैत ब्रह्मको कर्ता सृष्टिका बताता था परंतु बाद चांदपुर के मेलेका था, कहीं कुछ और कहीं कुछ बदलके लिखदिया अगडबगड भरा गया है। जिसकी हर मजहबके लोग और प्राचीन अद्वैत पंथ निंदा करते हैं।

इससे जाना गया कि यह अपना नाम एक छल मत न्यारा चला गया है। जिसमें बहुतसे भोले प्राणी फस गये हैं और उसकी दो तीन बातें मुख्य थीं। जो वैदिक मतमें भारत मण्डलके पण्डित नहीं बताते हैं। जिससे यही जाना गया कि उसका मुख्य मतलब यही था कि मेरी बातें प्रचलित हो जांय। इस वास्ते एक मुख्य छलमतकी ढाल उसने बनाके जाल रोपा था। अर्थात् मैमासिक मतमें बारीक छल है। जिनको जिन मतने ही परखा है। और किसीने नहीं परखया, सारा जगत इसके जालमें फंस रहा है। तभी तो वह इसकी ओटमें चोट करे था, और अपने नगारे बजा गया ॥८॥ दयानन्द सरस्वतीके मुख्य इरादे क्या थे और किस वास्ते उसने अपना मत चलाया ॥९॥

उत्तर—उसके मुख्य इरादे ये थे। वर्तमान कालमें जैनावतार भी नहीं हैं। और उनके शिष्य साधुगण भी नहीं है और साधुगणोंमें गणेश्वरादि कोई महान् प्रभाववान आचार्य भी नहीं है। और उनकी आज्ञा प्रतिपालक धर्मके रक्षक अधर्मियोंको दण्ड देनेवाले चक्रवर्ती राजेन्द्र भी नहीं हैं, अठ नारायण, प्रति नारायण बलभद्र ऐसे त्रिषष्टशलाका पदवी धारक सन्मताय राजा भी नहीं है। और जो हैं तो जैन धर्मसे परान्मुख आचारसे भ्रष्ट हैं और जैनी आर्यावर्तमें थोडेहीसे हैं, और वे भी सब

पण्डित नहीं। अब सूना खेत है अंग्रेज बहादुरानकूं अपने मतकी भी पक्ष नहीं, और सच्चे झूठे मजहबोंवालोंको आम इजाजत है कि चाहो जैसे कोई नगारे बजावो तो अब मेरा वक्त है स्वछन्द क्रोडा करूं। मुझे कोई न रोकेगा मैं हाकिम वक्तका भला रहूँ, और अपना मत चलाऊं। गरज इसमें उसने दो बात तो सरकारके फायदेको सोची और अपने फायदेकी अनेक, एक यह कि जब लोग मेरे मतमें हो जायगे तो वर्ण भेद न रहेगा। जब हर जातका खानपान व्याह शादी होने लगेगी, संतान बढ़नेसे प्रजा बढ़ेगी यह कमावेगी सरकारको फायदा पहुंचेगा।

दूसरी यह कि रांड स्त्रियोंको उत्तम कुलोंमें पुनर्व्याह होने लगेंगे, सन्तान बढ़ेगी सरकारको फायदा होगा। परमारथ किसीका बिगडे सुधरे मुजे क्या मतलब। तीसरी यह जब सब जाति एक हो जायगी, तो वे मूर्ति पूजन आदि जितने मत और देवता हैं सबको पूजना छोड़ देंगे। और उनकूं फिर अपने मतोंको गुरुदेवता शास्त्रोंके सुनने माननेकी और आचार विचारमें रहनेकी पाबन्दी न रहेगी, तब अपना धर्म मेरे रचित ग्रन्थोंहीकूं समझेंगे इनहीकूं पढेंगे। इसीसे उसने इकलख सब मतोंकी निंदा सब पुन्य कार्योंकी बुराई प्रतिमाओंका खंडन, रांडोंका पुनर्व्याह करना अख्तियार किया था। जिससे उसका खास मतलब ये था कि मेरा ही मत कायम रहे, उसीसे उसने वेदकी ओट पकडी थी। अद्वैत मतकूं मानो अरुको चाहे सो करो, इसीमें वह धरम जानता था। तो विचार तो कुछ रहा नहीं। अमूर्तिका ध्यान करना रहा, जानता था कि अमूर्तिका ध्यान विषयासक्त पुरुषों कहै होयगा नहीं तब मेरे ही मतमें रहेंगे परन्तु विषय त्याग कर

योगाभ्यास करके मुनि होनेका उसने उपदेश दिया। वह करावे पराई रांडोंसे परपुरुषोंके व्याह और गृहस्थोंके आचार विचार खानपान जपतप संयमशीलके पालनेका उपदेश नहीं वे ऐसे गृहस्थ जालमें फंसे अमूर्तिका शुद्ध ध्यान कैसे कर सकते हैं, और बिना योग प्रदीप शास्त्रोंके अभ्यासके शुद्ध ज्ञान आचरण ध्यान कैसे हो सकता है?

इस वास्ते जैन दल इस दयानन्दी संसार पंथमें अनार्य मतकी सम्भावना करके खंडन करे है, और इसकी नजरोंमें इस नथमें प्रश्नोत्तरके अनुसार अरु उसके आपे समाजी नियमोंके देखनेसे और उसकी रचनाओंके अवलोकनसे उसका छलमत, पंचांग हत्या करि गर्भित आत्मा परमात्मा और सर्व प्राणी मात्रका घातक रह पड़्या है। तिनकूं जैन मत पंचांग दिखा देगा, चौथा यह कि हजार मण गेहूंके ढेरमें कोई दो च्यार दाने जौके रला दे तो वे शुमार नहीं होते।

इसी तरह पचास बातें दो दो च्यार च्यार म'ठ अपनी रला रलाकर मतवादियोंने अनेक मत चलाये हैं। इसी तरह इस दयानन्दने अपना मुख्य मतलब जो हम ऊपर लिख चुके हैं। अर्थात विधवाओंसे नियोग अरु मन्दर खण्डन अरु मनुष्य मात्र एक जाति हैं सो वर्ण हो जावे। इत्यादि अनार्य कर्मोंको आर्य धर्ममें अपने छलसे रलाकर अपना नाम वेद-पाठी और वैदिक मती अरु आर्या धरके धूर्तताके छलमें छल मत चलाया है, जो एकाएकी कोई समझ नहीं सकता किन्तु वेदका तुर्रा उसपर जमा रखा है। जिसमें लोगूंको अन्धे बना गया है ॥९॥

हत्या किसको कहते हैं और हत्याके ५ अंग कैसे हैं?

उत्तर—जिससे आत्मा और सर्व प्राणी सताये जावें और जन्म जन्म दुख भरे सो हत्या है, उसके ५ अंग हैं।

जीवके अंगका विध्वंस कर देना ॥१॥ जीवकूं झूठा दोष लगाकर सताना ॥२॥ जीवका माल चुराकर पीडित करना ॥३॥ जीवकी स्त्रीकूं बाधन कूंवा स्त्रीके पुरुषकूं हर लेना कुशीलार्थ ॥४॥ जीवोंको नाना प्रकार तृष्णाके मार्गमें चलाना ॥५॥ जिससे वे अनेक घोर अनर्थ करे, यह पंचांग हत्या है। सो दयानन्दके मतमें गर्भित हैं और इसी अर्थ उसका उपदेश है सो उसको साबित कर देंगे ॥१०॥ तुम क्यों उसके मतके दोष प्रगट करते हो ॥११॥

उत्तर—हमें कुछ गरज निंदा करनेसे तो नहीं है, परन्तु हां उसने हमारे मतमें जो बात नहीं थी और उसने अपनी हठसे झूंठा दोष लगाया है। तब हमने सोचा कि इसने तो झूंठा दोष लगाया, और साबित न कर सका। परन्तु तुम झूंठा दोष तो मत लगावो सच बोलनेमें दोष नहीं है, इस वास्ते उसके ही ग्रंथानुसार उसके छलकूं दिखाते हैं। चाहे कोई कुछ समझो हमारा धर्म झूठ बोलनेका नहीं है। यह बात सर्व मत प्रसिद्ध है कि जैन मत जीवकी निरन्तर रक्षाका है और योगीश्वरोंका धर्म है जिसमें तृणकूं भी सताना कहीं नहीं लिखा।

परन्तु इस निर्दई निर्भय नेह हमारे मतके बाबत अपने रचित सत्यार्थ प्रकाशके बारेमें समुल्लासमें चार्वाक मतके पंद्रा श्लोक लिखकर यह लिख दिया कि ए जैन मतके श्लोक हैं अरु कहता है कि इससे जाना जाता है कि इस मतमें जीव दयाका लेश नहीं है। और भी अनेक निंदा लिखी हैं। और उसका नाम वेदका उलथा धरा जिसका नाम सुनकर जगत हमारा वैरी हुआ चला जाता है। और हमारे भोरे भाई भी कहीं कहीं बहकते जांय हैं तो क्या हम सच भी न कहैं हैं। इस वास्ते हम उसके छल दिखाते हैं। और

